सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

HAPPY Holi

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 15 अंक - 161 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 24 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







# बस्तर से 6 बार के विधायक को कांग्रेस ने बनाया लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सबसे पहले बस्तर लोकसभा सीट पर चुनाव होना है। भारतीय जनता पार्टी ने पहले ही अपने प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर दिया था। वहीं कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी कौन होगा इसे लेकर इंतजार चल रहा था जो कि अब खत्म हो गया है। कांग्रेस पार्टी ने शनिवार की रात अपनी चौथी लिस्ट में छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट से कवासी लखमा को चुनाव के मैदान में उतारा है। कवासी लखमा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान पूर्व मंत्री और अब तक छह बार विधानसभा के चुनाव जीत चुके हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सली क्षेत्र बस्तर से आने वाले आदिवासी नेता कवासी लखमा वह नेता है जिन्हें झीरम हत्याकांड के दौरान नक्सलियों ने जिंदा छोड़ दिया था।



कवासी लखमा पांच बार के विधायक और रहे मंत्री

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से आने वाले कवासी लखमा हमेशा से सुकमा जिले के कोंटा से चुनाव लड़ते और जीतते आए हैं। यह बस्तर के प्रभावशाली आदिवासी नेताओं में से एक हैं। कोंटा विधानसभा सीट से क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे कवासी लखमा छह बार के विधायक रहे हैं यह साल 1998 से लगातार कोटा सीट से विधायक हैं। इसके अलावा साल 2018 में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार में लखमा मंत्री रह चुके हैं। कांग्रेस सरकार में कवासी लखमा को आबकारी विभाग का मंत्री बनाया गया था। उसके बाद साल 2023 के विधानसभा के चुनाव कोंटा सीट से चुनाव जीतकर एक बार फिर विधायक बने हैं। बस्तर के आदिवासी क्षेत्रों में कवासी लखमा का खासा दबदबा माना जाता है। यही वजह है कि मौजूदा सांसद और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का टिकट काटकर कवासी लखमा को चुनाव के मैदान में उतारा गया है।

### स्कूल कभी नहीं गए लखमा

कवासी लखमा छत्तीसगढ़ के इकलौते ऐसे नेता और छह बार के विधायक हैं जो आज तक कभी स्कूल नहीं गए हैं। लखमा जोकि बस्तर संभाग से आते हैं और उनका क्षेत्र घोर नक्सली इलाकों में है। नक्सली गतिविधियों के कारण कवासी लखमा शिक्षा से वंचित रहे हैं। भले ही कवासी लखमा ने कभी स्कूल का मुंह नहीं देखा लेकिन उन्हें आज भी 6 भाषाओं का ज्ञान है। कवासी लखमा 6 भाषा बोल लेते हैं और समझ भी लेते हैं। यही वजह है कि प्रदेश की भूपेश सरकार में कवासी लखमा को मंत्री बनाया गया था।

## रायपुर एक्सप्रेस-वे पर हिट एंड रन, 1 युवक की मौतः स्कूटी सवार को अज्ञात वाहन ने रौंदा; मौके पर दम तोड़ा

**रायपुर** में एक्सप्रेस-वे पर हिट एंड रन का मामला सामने आया है। एक तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक गाड़ी से गिरकर दूर जा गिरा। हादसे में उसका सिर फ्ट गया और मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक घटनास्थल से भाग निकला। घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक, हादसा शनिवार रात करीब 8 बजे हुआ है। टेमरी गांव निवासी कामता प्रसाद साहू (30 वर्ष) तेलीबांधा की ओर से अपने घर जा रहा था। जब वह फुंडहर चौक के पास पहुंचा, तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उसकी स्कूटी भी चकनाचूर हो गई। इस घटना के बाद वहां से गुजर रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और मृतक के जेब की तलाशी ली। जेब में रखे आईडी कार्ड से युवक की पहचान हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेकाहारा अस्पताल भिजवाया। फ्लिहाल पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है।

## खास-खबर

### वायुसेना के पूर्व प्रमुख आरकेएस भदौरिया भाजपा में शामिल हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल (रिटायर्ड) आरकेएस भदौरिया रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में पार्टी का दामन थामा। अपने इस फैसले पर रिटायर्ड एयर चीफ मार्शल ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेताओं का शुक्रिया जताया। उन्होंने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली रहा हूं कि अपनी जिंदगी के 40 साल से ज्यादा भारतीय वायुसेना के लिए काम कर पाया। ये एक बहुत बड़ा गौरव का विषय रहा है। इस दौरान सबसे स्वर्णिम अवसर वह रहा है, जो कि मेरी सेवा के पिछले 8 से 10 वर्षों में इस पार्टी की सरकार की तरफसे जो कठोर कदम उठाए गए, भारतीय सेनाओं को मजबूत करने के लिए, आत्मनिर्भर करने के लिए। आधुनिकीकरण के लिए जो कदम उठाए गए, उनसे हमारी सेनाओं में क्षमता विकसित हुई है। उन्होंने आगे कहा, इसके साथ ही सेनाओं में एक नया आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर बनने का जो क्रम शुरू हुआ है। इसके धरातल पर प्रभाव भी दिखने लगे हैं। इससे हमारे पास स्वदेशी क्षमताएं भी आएंगी।

### चाकू से लड़की पर किए तबाड़तोड़ वार, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुखर्जी नगर से एक दिल दहला देना वाला वीडियो सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि एक सनकी युवक एक लड़की पर चाकू से हमला कर देता है। मुखर्जी नगर का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। लड़की को गंभीर चोटें नहीं आई है, वह खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना 22 मार्च की बताई जा रही है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, वीडियो में दिख रहे युवक का नाम अमन (22) है। उसने दिनदहाड़े एक लड़की पर चाकू से हमला कर दिया। राहगीरों ने हस्तक्षेप कर आरोपियों को रोकने और पकड़ने का प्रयास किया। इस हमले में लड़की को गंभीर चोट नहीं आई और वह खतरे से बाहर है। शुरुआती जांच में पता चला है कि युवती के बातचीत नही करने पर उसने हमला किया है, राहगीरों ने घटना के दौरान बीच-बचाव कर आरोपी को रोकने और पकड़ने की कोशिश की थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हमले के सही कारणों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।

## भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों से आकर्षित हुई दुनिया, डब्ल्यूईएफ के दिग्गजों ने भी माना लोहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अब दुनियाभर की प्रतिभाएं चाहती हैं कि वे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में सहयोग करें। इस उत्साह को देखते हुए सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन (सीफोरआईआर) ने भारत में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कार्यक्रम लॉन्च किया है। यह कार्यक्रम भारत और बाकी देशों के हीच वैश्विक सहयोग बनाने के लिए शुरू किया गया है। यह बातें विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताई हैं।

### दुनिया की नजरें भारत पर

सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन की कार्यकारी समिति के सदस्य सेबेस्टियन बकअप का कहना है कि भारत को छोटे और महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष देशों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। ये सभी देश अब भारत से सहयोग चाहते हैं। डब्ल्यूईएफ चाहता है कि भारत और उभरते अंतरिक्ष देशों के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई उद्यमी चाहते हैं कि वे भी भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश करें। इसकी वजह यह है कि भारत साझा बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहा है और अगर भारत यह काम करने में कामयाब रहा तो अंतरिक्ष क्षेत्र में नए आयाम गढ़ सकता है।

### दिग्गज देशों की श्रेणी में आ गया है भारत

बकअप ने अपनी भारत यात्रा के दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े कई लोगों के साथ मुलाकात की। इनमें इसरो के अधिकारी, अंतरिक्ष स्टार्ट-अप के प्रतिनिधि और बड़े दिग्गज शामिल थे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि दुनियाभर के लोग अभी भी भारत को एक उभरता हुआ अंतरिक्ष राष्ट्र बता रहे हैं। वास्तविकता यह है कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र के दिग्गज देशों की श्रेणी में आ गया है। दुनिया को यह समझना अब जरूरी हो गया है कि वास्तव में भारत ने क्या हासिल किया है।

## एक ही परिवार की तीन महिलाएं लापता साथ में ले गईं जेवर और तीन लाख रुपये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा कोतवाली क्षेत्र में छह महीने के बच्चे को छोड़कर तीन महिलाएं अचानक लापता हो गईं। वे अपने साथ काफी जेवरात और तीन लाख नकद रुपये भी ले गईं हैं। महिलाओं के लापता होने से परिवार परेशान है। परिजनों ने तीनों महिलाओं की फोटो जारी की है। साथ ही सूचना देने वाले को 20 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।



जानकारी के अनुसार, कोरबा शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक- 5 मोती सागरपारा क्षेत्र में रहने वाली एक ही परिवार की तीन महिलाएं दो दिन पहले लापता हो गईं। उनके अब तक नहीं लौटने से परिवार परेशान है। छह महीने के एक बच्चे को छोड़कर महिलाओं के चले जाने से समस्याएं बढ़ गईं हैं। घर की मुखिया ताराबाई सारथी ने बताया कि वह अपने साथ जेवरात और नकदी रकम ले गई हैं, लेकिन हमें उससे कोई मतलब नहीं है। हम चाहते हैं कि वे जहां भी हों लौट आएं, उसे इस बारे में कोई कुछ नहीं कहेगा।

ताराबाई सारथी ने बताया कि घर में किसी तरह की कोई भी बात नहीं है, लेकिन तीनों अचानक कैसे, कब और किन परिस्थितियों में लापता हो गया है, यह उसके भी समझ से परे है। छह माह के मासूम का रो-रोकर बुरा हाल है। उसने इसकी शिकायत कोतवाली थाना पुलिस से की है। घर की एक सदस्य सरोजिनी सारथी ने बताया कि उनकी खोजबीन की गई, लेकिन वह अब तक कहीं नहीं मिली हैं। उनके फोटो जारी किए गए हैं, जो व्यक्ति इस बारे में सूचना देगा, उसे 20 हजार रुपये का इनाम भी देंगे।

लापता हुई ज्योति सिंह और मीरा दोनों घर की बहू हैं। वहीं, रजनी ज्योति की बहन है, जो को कुछ दिनों से यहीं रहती थी। तीनों बाजार जाने के नाम से निकले फ्रि वापस नही आये। महिलाओं के लापता हो जाने से एक सप्ताह से यह परिवार परेशान है। उसके द्वारा कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई है। कोतवाली पुलिस थाना को मोबाइल नंबर 9479193308 पर इसकी जानकारी दे सकते हैं।

## दर्दनाक हादसाः शार्ट सर्किट से चार्जिंग पर लगा मोबाइल फटा, चार मासूमों की गई जान, दंपत्ति की हालत गंभीर


**मेरठ (एजेंसी)।** मेरठ में मोदीपुरम की जनता कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे मजदूर के घर में शॉर्ट सर्किट से मोबाइल में धमाका हो गया और कमरे में आग लग गई। कमरे में मौजूद चार बच्चे बुरी तरह झुलस गए। बच्चों को बचाने पहुंचे दंपती भी झुलस गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी और आग पर काबू पाया। पुलिस ने सभी को पहले निजी अस्पताल और बाद में मेडिकल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान चारों बच्चों की मौत हो गई है। अभी दंपती की हालत गंभीर बनी हुई है।



बता दें कि 24 घंटे में चारों बच्चे दुनिया को छोड़कर चले गए। बच्चों की मां को गंभीर हालत में दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। मुजफ्फरनगर जिले के सिखेड़ा निवासी जॉनी (41) मजदूरी करता है। पत्नी बबीता (37) व चार बच्चों सारिका (10), निहारिका (8), गोलू (6) और कल्लू (5) के साथ मोदीपुरम की जनता कॉलोनी में एक मकान में किराए पर रहता है।

बताया गया कि शनिवार शाम बच्चे कमरे में खेल रहे थे। कमरे में बेड पर तार बिखरे हुए थे और बच्चे मोबाइल का चार्जर बिजली के बोर्ड में लगा रहे थे। चार्जर लगाने के दौरान शॉर्ट सर्किट हो गया। तारों में आग लगने से मोबाइल में धमाका हुआ और बेड में आग लग गई। वहीं, आग से घिरे बच्चों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। धमाके व बच्चों का शोर सुनकर जॉनी व बबीता रसोई से कमरे की ओर दौड़े। दोनों ने बच्चों को आग से झुलसी हालत में बाहर निकाला। बच्चों को बचाने के दौरान बबीता व जॉनी भी बुरी तरह झुलस गए। जॉनी के घर से चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंच गए।

थाना प्रभारी मन्नेश कुमार का कहना है कि उपचार के दौरान सारिका और कल्लू ने भी दम तोड़ दिया है। परिजन पहले पोस्टमार्टम के लिए मना कर रहे थे लेकिन अब पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पिता जॉनी का मेडिकल में उपचार चल रहा है, जबकि मां बबीता को गंभीर हालत में दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी भी हालत नाजुक बनी हुई है। एसपी सिटी आयुष विकरम सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। बच्चे और दंपती बुरी तरह से झुलस गए थे। इनमें चारों बच्चों की मौत हो गई है।




## गिले शिकवे भूल के दोस्तों...

श्रीकंचनपथ




होली का पर्व हो और हिन्दी फिल्मों का जिक्र न आए तो यह बड़ी नाइंसाफी होगी। हिन्दी फिल्मों ने होली गीतों को एक सुन्दर स्वरूप प्रदान किया. होली गीतों के माध्मय से बॉलीवुड ने न केवल भिन्न-भिन्न प्रांतों के लोकगीतों को आगे बढ़ाया बल्कि होली के ऐसे सुन्दर संदेश दिए जो तारीख लिख सकते हैं। लगभग 50 साल पहले एक फिल्म आई थी शोले। इन पांच दशकों में भी इस फिल्म का आकर्षण कुछ कम नहीं हुआ है। ओटीटी पर जहां गुण्डा मतलब गाली होता है, वहीं शोले में दुर्दांत दस्यु गब्बर ने फिल्म में कोई गाली नहीं दी। उलटे गब्बर ने सुन्दर 'सेंस ऑफ ह्यूमर' का परिचय दिया। याद कीजिए... अब गोली खा, कौन चक्की का आटा खिलाते हैं रे... जैसे संवादों को। यहां डाकू कम और एक कैरेक्टर ज्यादा दिखाई देता है। इसी फिल्म का एक गीत है - 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं, रंगों में रंग मिल जाते हैं। गिले शिकवे भूल के दोस्तों, दुश्मन भी गले मिल जाते हैं..' आज जब हम चारों तरफ नफरत की फसल उगाते हैं तो इन गीतों की प्रासंगिकता बढ़ जाती है। 'रंग बरसे..' जैसे गीत बेशक टॉप पर चल रहे हों पर 60 और 70 के दशक के होली गीतों का माधुर्य आज भी लोगों को आकर्षित करता है। नफरत इस धरती पर तभी से है जब से इंसान ने सोचने-समझने की शक्ति हासिल की। पर नफरत के बीज बोने वालों को सनातन समाज ने कभी भी अच्छी नजर से नहीं देखा। विभिन्न शास्त्रों और ग्रंथों में ऐसी शक्तियों का विनाश होते ही दिखाया गया है। इसलिए आज जब नफरत के बूते पर राजनेता चुनकर आने लगे हैं तो चिंता स्वाभाविक है। नफरत के तात्कालिक फल कितने भी मीठे क्यों न हों, उसके दीर्घकालिक परिणाम हमेशा भयावह होते हैं, भयानक होते हैं। नफरत की यह चिंगारी समाज को जला कर खोखला कर देती है। उसका सामाजिक ढांचा तितर-बितर हो जाता है। नफरत का भाव इतना संक्रामक है कि एक बार किसी के मन में बैठ गया तो फिर पहले समाज, फिर मोहल्ला और अंत में परिवार इसकी भेंट चढ़ जाता है। अपने आसपास नजर डालिए तो ऐसे सैकड़ों परिवार देखने को मिल जाएंगे जहां भाई-भाई आपस में बात नहीं करते। बच्चे माता-पिता को प्रताड़ित करते हैं, संपत्ति और रुपये पैसों के लिए घर वाले ही एक दूसरे के खिलाफ षडयंत्र रचने लगते हैं। कोर्ट कचहरियों के मुकदमे बताते हैं कि आधे से ज्यादा मामले परिवारों के बीच के हैं। आपसी रंजिश का यह भाव होली तक भी आता है। पुलिस इस समय खास चौकन्नी होती है। होली अब गले मिलने का नहीं बल्कि गला काटने का बहाना हो चला है। होली पर पुलिस की सबसे बड़ी चिंता यही होती है कि कहीं कोई किसी पर जानलेवा हमला न कर दे। होली शांति से निपट जाए तो पुलिस चैन की सांस लेती है। इस परिपाटी को बदलने की जरूरत है।



## संपादकीय

# राज्यपाल को संदेश

तमिलनाडु में जो हुआ, वह बहुत अफसोसजनक है। राज्यपाल ने पोनमुडी को मंत्री पद की शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था। पोनमुडी को साल 2011 के एक मामले में दोषी पाया गया था और तीन साल की सजा भी सुनाई गई थी, लेकिन सजा पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगा दी, ऐसे में, पोनमुडी के मंत्रिमंडल में शामिल होने का रास्ता खुल गया था। पोनमुडी की तो सदस्यता भी चली गई थी, पर सजा पर रोक लगने के बाद वह कानूनन योग्य हो गए थे और मुख्यमंत्री को यह पूरा अधिकार है कि वह किसी विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल कर सके।

> तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि को अंततः सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद नियमों के अनुरूप आचरण के लिए मजबूर होना पड़ा। किसी भी स्तर पर नियमों की अनदेखी किसी न किसी चरण में भारी पड़ती है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शुक्रवार दोपहर राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक के नेता पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में फिर से शामिल कर लिया।

यह बात छिपी नहीं है कि तमिलनाडु की सरकार और वहां के राज्यपाल के बीच खींचातानी लगातार चल रही है। राज्यपाल किसी न किसी नियम या नैतिकता के बहाने राज्य सरकार की राह में अड़चन बनते रहे हैं। इसी मामले में राज्यपाल ने कहा था कि वह पोनमुडी को शपथ दिलाने में असमर्थ हैं, क्योंकि यह सांविधानिक नैतिकता के खिलाफ होगा। वह यह भी कह रहे थे कि सुप्रीम कोर्ट ने केवल सजा पर रोक लगाई है, सजा को पलटा नहीं है। राज्यपाल ने ही राज्य सरकार को सर्वोच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर किया। गुरुवार को प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने राज्यपाल रवि पर कड़ा प्रहार किया। यह कहना ही चाहिए कि राज्यपाल को नियमों के तहत पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी, फटकार का मौका देकर राज्यपाल ने खुद को ही नैतिक रूप से कमजोर किया है। हमारे लोकतंत्र में अनेक परंपराएं दशकों से चली आ रही हैं, ऐसा माना जाता है कि राज्यपाल राज्य सरकार के साथ मिलकर ही काम करेगा। असंतोष जताने के अपने माध्यम हैं, पर राज्य सरकार के किसी फैसले में रोड़ा बनने की नौबत नहीं आनी चाहिए।

तमिलनाडु का यह मामला तमाम राज्यपालों के लिए गौरतलब होना चाहिए। राज्यपाल न सिर्फ राज्य सरकार, बल्कि शीर्ष अदालत के भी प्रतिकूल व्यवहार कर रहे थे और उनके व्यवहार के प्रति सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीर चिंता का इजहार किया। खैर, देर से ही सही, राज्यपाल ने अब यथोचित कार्रवाई की है और उन्हें आगे किसी भी तरह के अवरोध में शामिल नहीं होना चाहिए। शुक्रवार को अगर राज्यपाल नहीं मानते, तो सर्वोच्च न्यायालय ने साफ इशारा कर दिया था कि वह कड़े फैसले ले सकता है। ध्यान रहे, राज्यपाल के विरुद्ध पहले भी तमिलनाडु सरकार अदालत का दरवाजा खटखटा चुकी है। यह बात फिर स्पष्ट हुई है किएक बार जब न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि के आदेश को निलंबित कर दिया जाता है, तब कोई दोषसिद्धि नहीं रह जाती है। तब आप यह नहीं कह सकते कि फलां नेता या व्यक्ति दागी है। खैर, एक राज्यपाल पर सांविधानिक लोकाचार को नष्ट करने का आरोप बहुत चिंताजनक है। ऐसी नौबत अब किसी भी राज्य में नहीं आनी चाहिए। सांविधानिक पदों पर बैठे लोगों को अपने आचरण की समीक्षा करनी चाहिए, उन्हें अति उत्साह में भी उसी सीमा तक जाना चाहिए, जहां तक उन्हें देश का संविधान ले जाता है।

# अब आपसी सहमति का वह जमाना गया

पुरानी सरकार जाती है और नई सरकार आती है तो पुराना बहुत कुछ बदलता है, बरसो से जो चला आ रहा है, वह चलना धीरे धीरे बंद होता है। धीरे-धीरे नया क्या है, क्या बदल रहा है,लोगों को पता चलता है।2014 के पहले भी भ्रष्टाचार होता था, जब केंद्र से लेकर राज्यों तक कई दलों की सरका होती थी तो आपसी सहमति से भ्रष्टाचार होता था कि तुम मेरा भ्रष्टाचार मत देखना, मैं तुम्हारा भ्रष्टाचार नहीं देखूंगा। दिखावे के लिए एक दूसरे पर आरोप तो लगाए जाते थे लेकिन किसी को सजा नहीं होती थी,कोई जेल नही जाता था। एक दूसर पर आरोप लगाकर ही मान लिया जाता था कि भ्रष्ठाचार के खिलाफ कार्रवाई हो गई। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार हो किसी के लिए भ्रष्टाचार कोई गंभीर मुद्दा होता ही नही था। क्योंकि सभी करते थे,आपसी सहमति रहती थी।तुम भी करो, हमकों भी करने दो। तुम भी खाओं और हमको भी खाने दो।

2014 के बाद पुरानी सत्ता बदली, नई मोदी की सरकार आई तो उसने कहा था न खाऊँगा न खाने दूंगा। देश को लूटने वालों को जेल भेजा जाएगा। लोगों को लगा कि यह तो हो नहीं सकता क्योंकि आजादी के बाद से तो ऐसा कभी हुआ नहीं है। दस साल मे बड़े बड़े नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज होने, जांच होने व कार्रवाई होने व एक के एक मंत्री ही नहीं सीएम तक को जेल भेजने से लगता है कि पीएम मोदी ने जो कहा था,अब सच हो रहा है। भ्रप्रटाचार करने वाला कितना भी बड़ा नेता हो, सीएम हो, उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। देश के बहुचर्चित दिल्ली शराब घोटाले में तीन मंत्रियों की गिरफ्तारी के बाद उम्मीद की जाने लगी कि अब तो सीएम को भी नहीं छोड़ा जाएगा। पहले तो सीएम के लेबल पर घपता घोटाला होता तो मान लिया जाता था यह तो उसका अधिकार है। उसने चुनाव जीता है तो भ्रष्टाचार भी कर सकता है। चुनाव जीतने को भ्रष्टाचार करने का प्रमाणपत्र मान लिया जाता था।

छत्तीसगढ़ मे यही हुआ, दिल्ली मे यही हुआ तो मोदी सरकार ने अपने कहे के अनुसार कार्रवाई शुरु की। इसमें दस साल का वक्त लगा लेकिन अब देश की जनता को भी लग रहा है देश में कोई तो नेता ऐसा आया है जो भ्रष्टाचार को पसंद नहीं करता है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करता है। चाहे वह मंत्री हो, सीएम हो, भ्रष्टाचार हुआ तो कार्रवाई तो होगी है। कार्रवाई तो हो रही है। पहले झारखंड के सीएम हेमंत सोरने को भ्रष्टाचार के मामले मे गिरफ्तार किया गया।अब दिल्ली की तीन बड़े मंत्रियों के बाद सीएम केजरीवाल को भी ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है।

इससे देश के लोगों में मोदी सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है कि यह अच्छी सरकार है। यह भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई तो करती है। मोदी सरकार के रहते भ्रष्टाचार के खिलाफ इसी तरह मंत्री से लेकर सीएम तक कार्रवाई होगी इसलिए सारे विपक्षीदल मोदी सरकार को हटाने एकजुट हो गए हैं।वह मोदी सरकार व भाजपा इसलिए हटा देना चाहते हं कि यह हमारे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करती है। यानी वह देश में वही 2014 के पहले का समय चाहते थे जब सब मिलजुल भ्रष्टाचार करते थे और किसी पर कार्रवाई नहीं होती थी, कोई जेल नहीं जाता था।यह तो जनता को अगले चुनाव में तय करना है कि उसे कैसी सरकार चाहिए। एक भ्रष्टाचार करने वाली सरकार या दूसरी भ्रष्टाचार रोकेने वाली सरकार।

गंगा तट पर शिवशंकर, सरयू तट श्री रघुबीर ।
गोपियन संग में होली, खेलें कान्हा जमुना तीर।।

> होली के बाद आने वाली पंचमी रंग पंचमी के नाम से जानी जाती है। यह रंग पंचमी देवर-भाभी की अनोखी होली के रूप में हँसी-ठिठोली को समेटे होती है। यह त्योहार ऐसे समय में आता है जब सर्दी लगभग बिदा हो चुकी होती है। साथ ही गर्मी आने को आतुर होती है। ऐसे समय में रंगों की फुहार शरीर और मन दोनों को शीतलता प्रदान करने वाली होती है। होली के रंग में डूबे युवक-युवतियां कुछ इस तरह झूमते नजर आते हैं।

# कहीं 'ढेलामार' तो कही 'बुढ़वा', चारों ओर होली का रंग

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

भारतवर्ष की सरजमीं पर पर्व – त्योहारों की कोई कमी नहीं है । प्रत्येक त्योहार की छटा अलग नजारा पेश करती दिखाई पड़ती है । सबका अपना महत्व और तौर-तरीके भी लोगों को आकर्षित करते रहे हैं। हिंदू पंचांग का हर महीना त्योहारों से सजा हुआ है। बारह माह के सैकड़ों त्योहारों के बीच एक ऐसा पर्व भी है जो सबसे अलग और अनोखा दिखाई पड़ता है। इस पर्व को रंगों का पर्व होली के नाम से जाना जाता है। इसे बसंतोत्सव भी कहा जाता है। रंगों के पर्व होली की तुलना भारतवर्ष तो क्या दुनिया के किसी भी पर्व से कर पाना कठिन है। होली के पर्व में जहां भक्ति के अलग-अलग रंग घुले हुए हैं, वहीं भाई चारे की मिठास कई महीनों तक मुंह में समाई रहती है। देखा जाए तो होली का पर्व सत्य एवं निष्ठा को प्रगाढ़ करने वाला पर्व है। होली का ही पर्व ऐसा है जो आने वाले कुछ दिनों तक अपनी उपस्थिति बनाए रखता है।

होली एक ऐसा पर्व है जिसका रंग हर प्रदेश में अलग और परंपराओं पर आधारित दिखाई पड़ता है। शौर्य और साहस का प्रदर्शन लिए होली का पर्व अलग ही दृश्य उत्पन्न करता है। हम बात करना चाहते हैं राजस्थान के मेवाड़-वागड़ क्षेत्र की। इस क्षेत्र में होली पर अनोखी परंपराएं निभाई जाती हैं। इन परंपराओं को बेहद ही खतरे से जोड़कर देखा जा सकता है। हालांकि अब समय के साथ इन परंपराओं में कुछ बदलाव हुए हैं। झीलों की नगरी उदयपुर के खैरवाड़ा में आदिवासियों की होली अलग तरह की होती है। खैरवाड़ा में होली



का पर्व शौर्य प्रदर्शन का दिन होता है । आदिवासियों के शौर्य प्रदर्शन को देखने राजस्थान ही नहीं , गुजरात , मध्यप्रदेश से भी आदिवासियों की टोली पहुंचती है । आदिवासी इस दिन स्थानीय लोक देवी के स्थानक के समीप होलिका दहन करते हैं । तलवार और बंदूकों के साथ आदिवासी अपनी – अपनी टोली के लिए गीत गाते हुए स्थानक तक पहुंचते हैं । दहकती होली के बीच डंडे को तलवार से काटने की अनोखी रस्म अदायगी होती है ! जो उक्त डंडे को काट देता है उसकी वीरता का सम्मान होता है , लेकिन जो इसमें असफल रहते हैं उन्हें समाज के मुखिया द्वारा तय की गई जुर्माना राशि चुकानी होती है ।

इसी तरह सरगुजा संभाग में रहने वाली पण्डो जनजाति के लोग अपनी बस्ती में होलिका दहन की सुबह तीरंदाजी की प्रतियोगिता आयोजित करते हैं । होलिका दहन वाले स्थान पर एक खंबा गाड़ दिया जाता है , जो होलिका दहन में जल जाता है । जहां खंबा गाड़ा जाता है वहां केवल ठूंठ बचता है । इस ठूंठ पर दो सौ मीटर की दूरी से पण्डो जनजाति के लोग तीर चलाते हैं । तीर सही निशाने पर लगाने वाले व्यक्ति का सम्मान किया जाता है और उसे एक महुआ का पेड़ वर्ष भर के लिए दिया जाता है । अगले वर्ष जब होली पर ऐसी ही प्रतियोगिता होती है , तब जो जीतता है उसे वह पेड़ दे दिया जाता है । इस दौरान महुआ बीनने का अधिकार भी उसी के पास होता है । ऐसी ही प्रतियोगिता पण्डो बाहुल्य हर क्षेत्र में होती है । होली के दिन जल रही होलिका के अंगारों को लेकर पण्डो जनजाति के लोग अपने घर जाते हैं ,और उसी अंगारे को चूल्हे में डालकर आग जलाई जाती है । वे होली की इस आग को पवित्र मानते हैं । ऐसी मान्यता है कि इससे उनकी रसोई के साथ ही घर में पवित्रता बनी रहेगी ।

बिहार प्रदेश में होली एक नए रूप में दिखाई पड़ती है । बिहार में होली के एक दिन बाद बुढ़वा होली मनाए जाने की परंपरा है । इस दिन लोग होली की मस्ती में मस्त रहते हैं ।एक – दूसरे के घर जाकर फगुआ गीत गाते हैं । औरंगाबाद , गया , जहानाबाद ,नवादा ,अलवर आदि जिलों में बुढ़वा होली मनाए जाने की पुरानी प्रथा आज भी जीवित बताई जाती है । बुढ़वा होली मनाए जाने की परंपरा कब और कैसे शुरू हुई इसका कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। मान्यता है कि होली के दिन लगभग घरों में कुलदेवता की पूजा होती है। इसी कारण लोगों ने बुढ़वा होली को मान्यता दी । इस दिन गांव की महिलाओं का विशेष नृत्य ( झमटा ) शहर में भ्रमण करता है । इसे कुछ लोग बुजुर्गों के सम्मान से जोड़कर देखते हैं । जानकारों की माने तो मगध के लगभग सभी गांवो – शहरों में बुढ़वा होली मनाई जाती है । वर्तमान में बुढ़वा होली में शुरू हुई गलत परम्परा के कारण सभ्य लोग इससे दूर होते जा रहे हैं ।

होली पर एक अनोखी परंपरा झारखंड में देखने मिलती है । झारखंड के लोहरदगा में ढेलामार होली मनाई जाती है । इस अनोखी परंपरा में गांव के लोग होली के दिन एक – दूसरे को ढेला मारते हैं । विशेष रूप से झारखंड के बरही-चटकीपुर गांव में ढेलामार होली का रोमांच देखा जा सकता है । होली दहन वाले दिन गांव के मैदान में बीचों – बीच एक खूंटा गाड़ दिया जाता है । प्रतियोगिता होती है कि कौन उस खंबे को छूता है या उखाड़ता है । जब कोई खंबे को छूने या उखाड़ने उसकी ओर लपकता है तो उस पर ढेलों की बौछार की जाती है । ढेले की मार सहकर भी जो खूंटा उखाड़ लाता है उसे विजई घोषित किया जाता है । यह मान्यता है कि जो ढेले की मार की परवाह किए बगैर खूंटा उखाड़ लाता है उसके घर सुख – समृद्धि और सौभाग्य बना रहता है । बताया जाता है कि इस तरह की होली का शुभारंभ दामादों के साथ चुहल करने से हुई थी । उस वक्त केवल खूंटा गाड़कर दामादों को उसे उखाड़ने के लिए कहा जाता था। साले-सालियां दामादों पर ढेला बरसाते थे । धीरे-धीरे गांव वाले इसमें भाग लेने लगे और यह परंपरा बन गई।

# मस्ती में सरोबार होकर मनाते हैं राजस्थान में होली

रमेश सर्राफधमोरा

> होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कईं तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है।

बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है।

भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं।

मेवाड अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती हैं। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं। शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्व है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरुआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है।

शेखावाटी अंचल के हर गांव कस्बे में रात्रि में लोग एकत्रित होकर चंग की मधुर धुन पर देर रात्रि तक धमाल गाते हुए मोहल्लों में घूमते रहते हैं। होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरुआत कर दी जाती है।

शेखावाटी अंचल में होली एक सुप्रसिद्ध लोक पर्व है तथा इस पर्व को क्षेत्र में पूरे देश से अलग ही ढंग से मनाया जाता है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शेखावाटी क्षेत्र में बसंत पंचमी के दिन से शुरुआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। इन धमालों के माध्यम से जहां प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को अपने प्रेम का संदेशा पहुंचाते हैं वहाँ श्रद्धालु धमालों के माध्यम से लोक देवताओं को याद कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। धमाल के साथ ही रात्रि में नवयुवक विभिन्न प्रकार के स्वांग भी निकाल कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। गांवों में स्त्रियां रात्रि में चौक में एकत्रित होकर मंगल गीत, बधावे गाती हैं। होली के दिनों में आधी रात तक गांवों में उल्लास छाया रहता है।

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में हर मोहल्ले में अपनी चंग पार्टी होती है। चंग शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है। इसमें प्रत्येक पुरुष चंग बजाते हुये नृत्य करते हैं। यह मुख्यतः होली के दिनों में किया जाता है। चंग को प्रत्येक पुरुष अपने एक हाथ से थाम कर और दूसरे हाथ से कटरवे का ठेका बजाते हुए वृत्ताकार घेरे में नृत्य करते हैं। घेरे के मध्य में एकत्रित होकर धमाल और होली के गीत गाते हैं। होली के एक पखवाडे पहले गींदड शुरू हो जाता है। जगह- जगह भांग घुटती है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। जबकि, शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी है। परिवार में बच्चे के जन्म होने पर उसका ननिहाल पक्ष और बुआ कपडे और खिलौने होली पर बच्चे को देते हैं।

शेखावाटी अंचल में होली पर कस्वों में विशेष रूप से गींदड़ नृत्य किया जाता है। गुजराती नृत्य गरवा से मिलता-जुलता गींदड़ नृत्य में काफी लोग विभिन्न प्रकार की चिताकर्षक वेशभूषा में नंगाड़े की आवाज पर एक गोल घेरे में हाथ में डंडे लिए घूमते हुए नाचते हैं तथा आपस में डंडे टकराते हैं। प्रारम्भ में धीरे-धीरे शुरू हुआ यह नृत्य धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ता जाता है। इसी रफ्तार में डंडों की आवाज भी टकरा कर काफी तेज गति से आती है तथा नृत्य व आवाज का एक अद्भुत दृश्य उत्पन्न हो जाता है जिसे देखने वाला हर दर्शक रोमांचित हुए बिना नहीं रह पाता है। होली के अवसर पर चलने वाले इन कार्यक्रमों से यहाँ का हर एक व्यक्ति स्वयं में एक नई स्फूर्ति का संचार महसूस करता है।

इन नृत्यों की लोक परम्परा को जीवित रखने के लिए क्षेत्र की कुछ संस्थाएं विगत कुछ समय से विशेष प्रयासरत हैं। झुंझुनू शहर में सद्भाव नामक संस्था गत 18 वर्षों से होली के अवसर पर चंग,गींदड़ कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है, जिसे देखने दूर-दराज गांवों से काफी संख्या में लोग आते हैं। झुंझुनू, फतेहपुर शेखावाटी,रामगढ़ शेखावाटी, मण्डावा, लक्ष्मणगढ़, चूरू, बिसाऊ, लक्ष्मणगढ़ कस्बों का गींदड़ नृत्य पूरे देश में प्रसिद्व है। इसी कारण चंग व गीन्दड़ नृत्य का आयोजन शेखावाटी से बाहर अन्य प्रान्तो में भी होने लगा है। धुलंडी के दिन इन नृत्यों का समापन होता है। लोगों का कहना है कि अगर होली के त्यौहार से लोक वाद्य चंग और धमाल को निकाल दिया जाये तो होली का त्यौहार बेजान हो जायेगा। ग्रामीण चंग और धमाल को होली पर्व की आत्मा मानते है। आज ये परम्परा धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है। पहले यहां होली का त्योहार प्यार के साथ मनाया जाता था, सब साथ मिलकर चंग पर धमाल गाते थे लेकिन आजकल वो सब खत्म सा हो गया है। क्षेत्र में बढ़ते शराब के प्रचलन के कारण लोग रात्रि में घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं तथा गांवों में भी पहले की तरह सामंजस्य नहीं रहा। इसके अलावा ऑडियो कैसेटों के बढ़ते प्रचलन से भी इस लोक पर्व को कृत्रिम सा बना दिया है। कैसेटों की वजह से पर्व की मौलिकता ही समाप्त होने जा रही है। यदि समय रहते होली पर व्याप्त हो रही कुरीतियों व शराब के चलन की समाप्ति का प्रयास नहीं किया गया तो यह पर्व अपना मूल रूप खो बैठेगा।

# पारंपरिक जल-स्रोत बचाएं

पंकज चतुर्वेदी

> कोई साल बारिश का रूठ जाना तो कभी ज्यादा ही बरस जाना हमारे देश की नियति है। थोड़ा ज्यादा बरसात हो जाए तो उसके समेटने के साधन नहीं बचते और कम बरस जाए तो ऐसा रिजर्व स्टॉक नहीं दिखता जिससे काम चलाया जा सके।

अनुभवों से यह तो स्पष्ट है कि भारी-भरकम बजट, राहत, नलकूप जैसे शब्द जल संकट के निदान नहीं हैं। करोड़ों-अरबों की लागत से बने बांध सौ साल भी नहीं चलते, जबकि हमारे पारंपरिक ज्ञान से बनी जल संरचनाएं ढेर सारी उपेक्षा, बेपरवाही के बावजूद आज भी पानीदार हैं। जलवायु परिवर्तन के खतरे के सामने आधुनिक इंजीनियरिंग बेबस है। यदि भारत का ग्रामीण जीवन और खेती बचाना है तो बारिश की हर बूंद को सहेजने के अलावा और कोई चारा नहीं बच रहा है।

देश के बहुत बड़े हिस्से के लिए अल्प वर्षा नई बात नहीं है, और न ही वहां के समाज के लिए कम पानी में गुजारा करना, लेकिन बीते पांच दशक के दौरान आधुनिकता की आंधी में दफन हो गए हजारों चंदेल-बुंदेला कालीन तालाबों और पारंपरिक जल पप्रालियों के चलते ये हालात बने। मप्र के बुरहानपुर शहर की आबादी तीन लाख के आसपास है। निमाड़ का यह इलाका पानी की कमी के लिए जाना जाता है लेकिन आज भी शहर में कोई अठारह लाख लीटर पानी प्रति दिन एक ऐसी प्रणाली के माध्यम से वितरित होता है, जिसका निर्माण 1615 में किया गया था। यह प्रणाली जल संरक्षण और वितरण की दुनिया की अजूबी मिसाल है, जिसे 'भंडारा' कहा जाता है। सतपुड़ा की पहाड़ियों से एक-एक बूंद जल जमा करना और उसे नहरों के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंचाने की यह व्यवस्था मुगलकाल में फारसी जल-वैज्ञानिक तबकुतुल अर्ज ने तैयार की थी। समय की मार के चलते दो भंडारे पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।

सनद रहे कि हमारे पूर्वजों ने देश-काल-परिस्थिति के अनुसार बारिश को समेट कर रखने की कई पप्रालियां विकसित और संरक्षित की थीं, जिनमें तालाब सबसे लोकप्रिय थे। घरों की जरूरत यानी पेयजल और खाना बनाने के लिए मीठे पानी का साधन कुआं कभी हर घर-आंगन में हुआ करता था। धनवान सार्वजनिक कुएं बनवाते थे। हरियाणा से मालवा तक जोहड़ या खाल जमीन की नमी बरकरार रखने की प्राकृतिक संरचना हैं। ये आम तौर पर वर्षा-जल के बहाव क्षेत्र में पानी रोकने के प्राकृतिक या कृत्रिम बांध के साथ छोटे तालाब की मानिंद होते हैं। तेज ढलान पर तेज गति से पानी के बह जाने वाले भूस्थल में पानी की धारा को काट कर रोकने की पद्धति 'पाट' पहाड़ी क्षेत्रों में लोकप्रिय रही है। एक नहर या नाली के जरिए किसी पक्के बांध तक पानी ले जाने की प्रणाली 'नाड़ा या बंधा' अब देखने को नहीं मिल रही। कुंड और बावड़िया महज जल संरक्षण के साधन नहीं, बल्कि हमारी स्थापत्य कला के बेहतरीन नमूना रहे हैं। आज जरूरत है कि ऐसी पारंपरिक पप्रालियों को पुनर्जीवित करने के लिए खास योजना बनाई जाए और इसकी जिम्मेदारी स्थानीय समाज की ही हो।

यह देश-दुनिया जब से है तब से पानी अनिवार्य जरूरत रही है और अल्प वर्षा, मरुस्थल, जैसी विषमताएं प्रकृति में विद्यमान रही हैं-यह तो बीते दो सौ साल में ही हुआ कि लोग भूख या पानी के कारण अपने पुश्तैनी घरों-पिंडों से पलायन कर गए। उसके पहले का समाज तो हर तरह की जल-विपदा का हल रखता था। अभी हमारे देखते-देखते ही घरों के आंगन, गांव के पनघट और कस्बों के सार्वजनिक स्थानों से कुएं गायब हुए हैं। बावड़ियों को हजम करने का काम भी आजादी के बाद ही हुआ। हमारा आदि-समाज गर्मी के चार महीनों के लिए पानी जमा करने और किफायत से खर्च करने को अपनी संस्कृति मानता था। अपने इलाके के मौसम, जलवायु चक्र, भूगर्भ, धरती-संरचना, पानी की मांग-आपूर्ति का गणित भी जानता था। उसे पता था कि खेत को कब पानी चाहिए और कितना मवेशी को और कितने में कंठ तर हो जाएगा। वह अपनी गाड़ी को साफ करने के लिए पाइप से पानी बहाने या हजामत के लिए चालीस लीटर पानी बहा देने वाली टोंटी का आदी नहीं था। भले ही आज उसे बीते जमाने की तकनीक कहा जाए लेकिन आज भी देश के कस्बे-शहर में बनने वाली जल योजनाओं में पानी की खपत और आवक का वह गणित कोई नहीं आंक पाता है, जो हमारा पुराना समाज जानता था।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### निर्वाचन कार्य की जिम्मेदारी सावधानीपूर्वक निर्वहन करें - कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी के संबंध में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारी एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए, पहले से ही पूर्व तैयारी रखें। निर्वाचन कार्य की जिम्मेदारी सावधानीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि मतदान केन्द्रों का पुन: अवलोकन कर लें और सारी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों ने अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन नहीं किया है, वे शीघ्र अवलोकन कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के सुचारू संचालन के लिए ज्यादा से ज्यादा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी होनी चाहिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा सहित सभी सेक्टर अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे। प्रशिक्षण में सभी सेक्टर आफिसर्स को ईवीएम और वीवीपैट के तकनीकी पक्षों के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से पूरी जानकारी दी गई। इसकी प्रशासनिक प्रक्रिया, प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया। इसके साथ ही मतदान दलों को भी इस संबंध में अद्यतन रखने कहा गया। बैठक में बताया गया कि मॉक पोल आदि की प्रक्रियाओं के बारे में पूरी जानकारी रखें। सेक्टर आफिसर्स को पूरी तरह तकनीकी रूप से दक्ष होना चाहिए।

### जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत डोंगरगांव में स्वीप मतदाता जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थित में होली के रंग मतदान के संग नारे के साथ चुनावी फाग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सचिवों को मतदाता शपथ दिलाई एवं सभी को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने अपील की। उन्होंने स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत 3 से 9 अप्रैल तक सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित स्वीप संगोष्ठी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने, लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताने तथा ग्रामीणों को मतदाता शपथ दिलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत रैली, दीवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, पेंटिंग, चित्रकला, मशाल व कैंडिल मार्च जैसे कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को मतदान करने हेतु संकल्पित व प्रेरित करने निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव मनोज कुमार मरकाम, सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव नवीन कुमार, संकुल समन्वयक कोकपुर राहुल जैन सहित सचिव उपस्थित थे।

# मोदी की गारंटी और जनता के विश्वास से हासिल होगा 400 पार का लक्ष्य-अरुण साव

## लोकसभा का यह चुनाव विश्व पटल पर भारत देश की एक नई दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव है

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुन्द।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव विश्व पटल पर भारत देश की एक नई दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव है। भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाकर विश्वस्तरीय पहचान दिलाने वाले विश्व के लोकप्रिय जननायक, मां भारती के सच्चे सपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का शंखनाद हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी पर भरोसा करते हुए जनता ने कांग्रेस की भूपेश सरकार को प्रदेश की सत्ता से बेदखल कर साबित कर दिया है देश और प्रदेश का विकास, भाजपा की सरकार के कार्यकाल में ही साकार होगा।



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मोदी जी की दी हुई गारंटी वाली महत्वपूर्ण वायदों को प्रदेश की भाजपा सरकार ने महज 100 दिन के भीतर पूरा करके दिखाते हुए बता दिया है कि भाजपा की सरकार जो कहती है वही करती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सरकार ने 100 दिन के भीतर किसानों को 3100 रुपये की दर से धान खरीदी की। अंतर की राशि प्रदेश के सभी किसानों को एकमुश्त प्रदान किया है। 3116 करोड़ रुपये 2 साल का पिछला बकाया बोनस, 10 लाख से अधिक माताओं बहनों को महतारी वंदन योजना के माध्यम से 1000 रुपये प्रतिमाह देने कि शुरुआत हो चुकी है।

हमारे धर्म संस्कृति और गौरव के प्रतीक भगवान श्रीराम जी की 22 जनवरी को अयोध्या में हुए प्राणप्रतिष्ठा समारोह को कांग्रेस पार्टी के नेताओ ने ठुकराकर साबित कर दिया है। उन्होंने राष्ट्रधर्म का अपमान किया है। देश की जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ठान लिया है कि जो राम का नही वो देश में किसी काम का नही है। पूरे देश की जनता का विश्वास और जनसमर्थन मोदी जी के साथ है और लोकसभा में भाजपा इस बार 400 पार के लक्ष्य को अवश्य ही कार्यकर्ताओ के दम पर हासिल करेगी।

खेल, युवा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों की तारीख का एलान हो चुका है और हम सभी का लक्ष्य इस बार भी हर बूथ पर भाजपा की विजय का है। देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की गारंटी सभी कार्यकर्ताओं को भी देनी होगी। आगामी 26 अप्रैल को हम सभी मिलकर अपने बूथों में भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक मतदान का संकल्प लेकर यहा से जाए।

सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की विकास कार्यो की राशि को भूपेश बघेल की सरकार ने जनहित के बजाय घोटाले और भ्रष्ट्राचार की भेंट चढ़ा दिया। केंद्र सरकार की योजनाओ से हुए विकास कार्यो का झूठा श्रेय लेने के अलावा कांग्रेसियों ने कोई विकास कार्य पूरे 5 साल में नही किया। इस क्षेत्र को मेडिकल, डिग्री गर्ल्स, एग्रीकल्चर कॉलेज, उज्ज्वला गैस, शौचालय, आवास, निशुल्क राशन सहित कोरोना काल मे जीवनदान देने वाले त्यागी, तपस्वी, कर्मयोगी प्रधानमंत्री मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने यहा की जनता लोकसभा की सीट भारी बहुमत से जीताकर देगी। लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं इस चुनाव में प्रत्याशी है।

मैं एक प्रतीक के रूप में लोकसभा प्रत्याशी बनकर आप सभी के समक्ष उपस्थित हुई हूं। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनधन खाता खुलवाकर सभी को बैंकों से जोड़ा तो उस वक्त ही उनकी दूरगामी सोच थी कि सरकार की योजनाओ का पूरा पैसा हितग्राही को पूरे का पूरा बैंकों के माध्यम से सीधा प्राप्त हो। आज भाजपा सरकार की योजनाओ का पूरा लाभ बिना किसी बिचौलियों के सीधा जनता को मिल रहा है। प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी ने भाजपा के कमल छाप पर वोट प्रदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि मातृ शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का काम भाजपा की सरकार ने किया है और इस चुनाव में आप सभी की बहन बेटी के रूप में मातृशक्ति आपके सामने चुनाव मैदान में है। आप सभी का जनसमर्थन आशीर्वाद समस्त महिला, माता, बहनों का सम्मान होगा। लोकसभा प्रभारी विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि यह चुनाव परिवारवाद बनाम राष्ट्रवाद का चुनाव है। देश की राजनीति में दशकों तक राज करने वाली कांग्रेस एवं उनकी सहयोगी पार्टियों ने अपने परिवारिक हितो के लिए देश का विकास और जनहित को नजरअंदाज किया है।

जबकि भाजपा किसी भी सामान्य कार्यकर्ता को देश प्रदेश और जनता के सेवक के रूप में अवसर प्रदान करती आई है। मोदी जी ने भाजपा की आगामी कार्यो और योजनाओ की रूपरेखा के लिये एक सूझाव पेटी यहा भिजवाया है। जिसमे आप सभी के दिये गए नीतिगत सुझावो को भाजपा की सरकार अपनी प्राथमिकता में रखकर कार्य करेंगी। इस विधानसभा से भाजपा की प्रत्याशी सर्वाधिक वोट से चुनाव जीतेगी तो ये हम सबकी उपलब्धि होगी। इस दौरान पंडरिया विधायक सह प्रभारी भावना बोहरा, महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व राज्यमन्त्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने भी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया।

# होली मिलन समारोहः सांसद व विधायक ने जमाया रंग, पत्रकारों के साथ खेली जमकर होली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर की नई कार्यकारिणी का पहला होली मिलन समारोह शुक्रवार को प्रेस परिसर स्थित गार्डन में आयोजित किया गया। भिलाई की पत्रकार बिरादरी के साथ जिले के सांसद व विधायकों ने रंग जमाया। सैकड़ों पत्रकारों की उपस्थिति में रंग गुलाल व फूल की पंखुडियों के साथ होली खेली गई। अथितियों के स्वागत सत्कार के साथ स्वरूचि भोज ने कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ा दी। उपस्थित अतिथियों के साथ पत्रकारों ने जमकर होली खेली।





न्यू प्रेस क्लब ऑफभिलाई नगर का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव सम्मिलित हुए। शुक्रवार देर शाम शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात तक चला। भिलाई की पत्रकार विरादरी के साथ सांसद विजय बघेल वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव होली मनाई। प्रेस क्लब के अध्यक्ष टी सूर्याराव, महासचिव खिलावन सिंह चौहान सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का ढोल बाजे के साथ अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय बघेल ने सबसे पहले होली पर्व की सभी को बधाई दी। मंच से चुने गए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए होली मिलन समारोह की सराहना की। उन्होंने कहा कि भिलाई की पत्रकार बिरादरी हमेशा अपनी कलम की धार दिखाती आई है। कार्यक्रम में मौजूद रहे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने पूरी टीम को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि वे दिल्ली में थे लेकिन पत्रकारों के इस कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर एयरपोर्ट पहुंचने के बाद सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस दौरान विधायक रिकेश सेन ने पत्रकारों के हित में कई प्लान साझा किए और लोकसभा चुनाव के बाद इस पर काम करने की भी बात कही। कार्यक्रम में शामिल हुए भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने भी इस आयोजन के लिए क्लब के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह शांतिपूर्वक संपन्न होने पर क्लब के अध्यक्ष टी सूर्या राव ने अथितियों व सभी पत्रकारों का आभार जताया। कार्यक्रम में मंच संचालन की जिम्मेदारी कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा ने संभाली। कार्यक्रम के सफलतम आयोजन में प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेएम तांडी, उपाध्यक्ष कोमल धनेसर व के मोहन राव, सचिव रत्नाकर अलवा व डीके साहू, सह सचिव संतोष मलिक, कार्यकारिणी सदस्य रमजान, सुनील चौव्हाण, गौकरण निषाद, जयप्रकाश आर्य, अजित सिंह भाटिया व अनिल पंडा, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद सिंह, योगेश गुप्ता, बीडी निजामी, उमेश निवल, रमेश गुप्ता, कमल शर्मा, प्रवीण शर्मा, राजेन्द्र गोस्वामी, अशोक पंडा सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## निर्वाचन कार्य में लगे सभी दल आपसी समन्वय से करें कार्य - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 की निगरानी के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उडऩदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, लेखाकरण दल एवं सहायक व्यय प्रेक्षक का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने कहा कि पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न कराना प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में धनबल, बाहुबल एवं दबाव जैसी गतिविधि नहीं होनी चाहिए इसे नियंत्रण करने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय की सीमा 95 लाख रूपए निर्धारित है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी दल अच्छे से अपने कर्तव्य निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य व्यापक है सभी दल आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करेंगे। सभी दलों का आपस में कनेक्शन होना चाहिए, ताकि निर्वाचन कार्य किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में तैनात टीम को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए, जिससे कार्य करने एवं निर्णय लेने में आसानी होगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी दल समय पर निर्वाचन कार्य में उपस्थित रहेंगे। इसमें लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फील्ड में अपना व्यवहार संतुलित रखेंगे। आने-जाने वाले वाहनों की नियमित जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए यह सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित कोई गतिविधि संदिग्ध पाये जाने पर उसकी जांच जरूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले प्रत्येक गतिविधियों की वीडियोग्राफी अच्छे से करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन में रिश्वत देने के उद्देश्य से धमकी, शराब, हथियार सहित अन्य संदिग्ध सामग्री की आवाजाही और बड़ी मात्रा में नकदी की सभी शिकायतों पर ध्यान रखें।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल ने माल ढुलाई आय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5000 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया

## मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने इसका श्रेय अधिकारियों एवं कर्मयोगियों को समर्पित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर मंडल ने अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित, सतत् एवं अनुशासित प्रयास से विपरीत परिस्थितियों में भी का डटकर काम करते हुए सर्वाधिक माल लदान आय अर्जन की हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 23 मार्च 2024 तक रायपुर रेल मंडल ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक 5000 करोड़ माल लदान राजस्व हासिल किया है।



वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5000 करोड़ माल लदान आय हासिल करने का यह कीर्तिमान रायपुर मंडल का अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है । देश के विभिन्न राज्यों को रायपुर रेल मंडल ने यह अभूतपूर्व सेवा प्रदान कर देश की प्रगति में सहायक भूमिका निभाई है। इस अवधि में माल लदान में स्टील, चावल, कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, खाद्यान, डोलोमाइट, लाइम स्टोन आदि शामिल है।

यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के निर्देशन एवं भारतीय रेल यातायात सेवा अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन से संभव हुआ। इस उपलब्धि के अवसर पर नियंत्रण कक्ष में मंडल रेल प्रबन्धक संजीव कुमार की उपस्थिति में केक काटकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। मंडल रेल प्रबन्धक द्वारा अपने सभी कर्मचारियो एवं अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दी गई एवं बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## एमआईसी मेंबर व कांग्रेसी पार्षद, पूर्व पार्षद सहित सैकड़ों ने थामा भाजपा का दामन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने आम जनता ही नहीं कांग्रेस के लोग भी लालायित है और पीएम मोदी की कार्यशैली व भाजपा के विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा से लगातार जुड़ रहे हैं। इसी क्रम में दुर्ग नगर निगम सत्ताधारी कांग्रेस परिषद को झटका देते हुए एमआईसी मेंबर व वार्ड 60 की कांग्रेस पार्षद श्रीमती जयश्री जोशी सहित आधा दर्जन पार्षदों व पूर्व पार्षदों ने आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचकर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद विजय बघेल,लोकसभा सह प्रभारी राजीव अग्रवाल,सह संयोजक प्रीतपाल बेलचंदन,जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधायक गजेंद्र यादव, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल होकर का मोदी को फिर पीएम बनाने का संकल्प लिया। जिन पार्षदों ने भाजपा प्रवेश किया उनमें वार्ड 16 सिकोला बस्ती पार्षद खिलावन मटियारा,वार्ड 29 पार्षद श्रीमती बबिता यादव,वार्ड 35 गंजपारा बाबा रामदेव मंदिर वार्ड पार्षद श्रीमती इंद्राणी साहू, पूर्व पार्षद कुलेश्वर साहू ,गुड्डू यादव, कांग्रेस नेता मासुख अली सहित 2 सौ से अधिक लोगो ने भाजपा प्रवेश किया ।

इस अवसर भाजपा प्रवेश करने वाले सभी नेताओं का स्वागत करते हुए वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जहां कार्यकर्ता का सम्मान होता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व से पूरी दुनिया प्रभावित है यही कारण है।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### होली में डीजे व मुखौटे पर रहेगा प्रतिबंध, पढ़े पूरी गाइड लाईन...



**रायपुर।** इस साल आचार संहिता के बीच होली का त्योहार मनाया जाएगा। त्योहार के मद्देनजर जिला प्रशासन ने गाइड लाईन जारी कर दी है। इस बार रंगों के त्यौहार के दौरान मुखौटा लगाने पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। सभी से शांति पूर्ण ढंग से और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से तेज रफ्तार गाड़ी चलाने और तीन सवारी बाइक चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। साथ ही सड़क पर हुडदंग मचाने वालों पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए है। जिला प्रशासन ने होलिका दहन मुहूर्त के अनुसार रात 12:30 बजे तक करने के पूर्ण करने के लिए कहां है। जिला प्रशासन ने होलिका दहन सड़क किनारे करने के अपील की है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कहा है कि ये त्योहार रंगों का त्यौहार है। सभी से आग्रह है कि सभी सौहार्द पूर्ण ढंग से और भाईचारे के भाव के साथ त्योहार मनाएं। होलिका दहन के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर मुरूम की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही अगर होली के दौरान कोई अशांति फैलाने का काम करेगा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

#### रात 10 बजे के बाद साउंड बजाने पर होगी कार्रवाई

रंगों के त्यौहार के दौरान किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के उपयोग एवं प्रदर्शन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही परीक्षाओं को ध्यान रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग धीमी स्वर में रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। रात 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम बजाने पर कार्रवाई की जाएगी।

#### शहर में चप्पे चप्पे पर रहेगा पुलिस का पहरा

होली पर्व को लेकर पुलिस का शहर के हर चौक चौराहो पर पहरा रहेगा। होली पर्व पर शहर में हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस की 90 से अधिक पेट्रोलिंग टीमें शहर के हर जगह गश्त करेगी। साथ ही नशेड़ी और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की धरपकड़ के लिए 50 से ज्यादा शहर भर में फिक्स पॉइंट तैयार किए गए है।होली त्यौहार के दौरान आईटीएमएस के जरिए निगरानी रखी जाएगी, किसी भी तरह का अशांति फैलाने पर भी कार्यवाही होगी।

9 विधानसभाओं में भाजपा कर रही कार्यालय का शुभारंभ

# प्रदेश विकास की एक-एक ईंट भाजपा सरकार ने रखी है : बृजमोहन



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव पूर्व भाजपा रायपुर लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं में भाजपा कार्यालय का शुभारंभ कर रही है। साथ ही कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भी विधानसभा वार किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रायपुर उत्तर विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया साथ ही कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिसमे उत्तर विधानसभा के अंतर्गत निवासरत भारतीय जनता पार्टी के सभी चारों मंडलों के पदाधिकारी एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रायपुर दक्षिण के विधायक कैबिनेट मंत्री और रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का प्रत्येक मंडल के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया मंच पर अलग अलग मंडल के पदाधिकारियों ने बृजमोहन अग्रवाल का गजमाला , पुष्पमाला , पटका पहना पर अपने प्रिय नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया।

बृजमोहन अग्रवाल ने उत्तर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा रायपुर की जनता से इतना आत्मीय स्नेह और प्रगाढ़ संबंध है की मैं इसे शब्दों में नही जाहिर कर सकता पहले जब रायपुर दक्षिण विधानसभा के अलावा जब अन्य विधानसभाओं में जाता था तो जनता कहती थी की आप हमारे अपने हैं और शायद यही कारण है की नरेंद्र मोदी ने लोकसभा की टिकट दी जिससे मैं सिर्फ एक नही अपितु रायपुर लोकसभा की सभी 9 विधानसभा की जनता के हितों की रक्षा कर सकूं उनका नेतृत्वकर्ता बन सकूं प्रदेश विकास की एक एक ईंट हमने भाजपा सरकार ने रखी है आप सभी कार्यकर्ताओ से कहना चाहता हूं की मतदान तिथि तक आप सभी को बृजमोहन बनकर कार्य करना है रायपुर लोकसभा में एक भी घर ऐसा नहीं बचे जहां बृजमोहन के रूप में भाजपा कार्यकर्ता नही पहुंचा हो आप सभी उनके बीच पहुंचे केंद्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं से उन्हे अवगत कराएं महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन उज्वला योजना के माध्यम से हमने दिया , पहली बार देश के हर गरीब का बैंक में एकाउंट खुला और जनधन खाते में अब केंद्र और राज्य सरकार को योजनाओं का फायदा सीधे अकाउंट में पहुंचता है, प्रधानमंत्री आवास के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 18 लाख परिवार सीधे तौर पर लाभान्वित हुए और देश का गरीब आदमी जो अपने सर पर पक्की छत का स्वप्न देखता है भाजपा सरकार की योजना से पूर्ण हो रहा है , आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त इलाज का लाभ देश भर के करोड़ों लोगों मिला।

इसके अलावा धारा 370 जैसी धारा को खत्म कर एक देश एक विधान , एक परिधान की अवधारणा को फलीभूत किया गया , हिंदुओ की आस्था के प्रतीक प्रभु श्री राम जी के मंदिर निर्माण की 500 वर्ष की प्रतीक्षा समाप्त हुई और प्रदेश सरकार द्वारा राम लला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश की जनता अब अपने भाँचा राम के दर्शन सरकारी योजना के माध्यम से मुफ्त करेगी उन्होंने आगे कहा की 2024 लोकसभा चुनाव राष्ट्रवाद , विकसित भारत और भारत को विश्वगुरु बनाने का हवन है और आप सभी कार्यकर्ताओ को इस हव्य में अपनी परिश्रम रूपी आहुति देकर इस विराट हवन को सफल बनाना है।

# तंबाकू नियंत्रण कानूनों को मजबूत किया जाये : भावना

## विश्व टीबी दिवस पर विशेषज्ञों ने सरकार से किया आग्रह

**रायपुर।** सारी दुनिया 24 मार्च को जब विश्व टीबी दिवस मना रही है, भारत टीबी (तपेदिक) के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे खड़ा है। जन स्वास्थ्य के लिए यह देश में लंबे समय से चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 2022 में भारत में दुनिया में सबसे अधिक तपेदिक (टीबी) के मामले सामने आए, जो वैश्विक बोझ का 27त्न है, भारत में 2.8 मिलियन (28.2 लाख) दर्ज किए गए। 2022 में टीबी के मामले। 2025 तक टीबी को खत्म करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि इस मुद्दे को व्यापक तौर पर संबोधित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाती है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) और टीबी मुक्त भारत अभियान जैसी पहल से, भारत इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा तेजी लाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है।

भारत में टीबी का बोझ बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण कारक तपेदिक और तंबाकू के उपयोग के बीच संबंध है। वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में बड़ी संख्या में लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। अध्ययनों से पता चला है कि भारत तम्बाकू का उपयोग करने वालों की संख्या (268 मिलियन या भारत के सभी वयस्कों का 28.6त्न) दुनिया भर में दूसरी सबसे बड़ी है। हर साल इनमें से कम-से-कम 1.2 मिलियन तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण मर जाते हैं। भारत में लगभग 27त्न कैंसर तम्बाकू के उपयोग के कारण होते हैं। तंबाकू के उपयोग से होने वाली बीमारियों की कुल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लागत 182,000 करोड़ रुपये थी, जो भारत की जीडीपी का लगभग 1.8 प्रतिशत है। तम्बाकू का धुंआ (सिगरेट, बीड़ी) पीने वालों में टीबी विकसित होने और बीमारी के अधिक गंभीर रूपों का अनुभव होने का खतरा अधिक होता है। इसके अतिरिक्त, दूसरों के धूम्रपान के संपर्क में आने से टीबी के परिणाम खराब हो सकते हैं और उपचार के प्रभावी होने में बाधा आ सकती है।

वालंट्री हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मुख्य कार्यकारी भावना मुखोपाध्याय ने कहा, इस दोहरे खतरे से निपटने के लिए, तत्काल आवश्यकता है कि तंबाकू नियंत्रण कानूनों को मजबूत किया जाये और तंबाकू उत्पादों पर कराधान बढ़ाया जाये। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध और विज्ञापन पर रोक सहित कड़े तंबाकू नियंत्रण उपायों को लागू करके, भारत टीबी पर तंबाकू के उपयोग के प्रभाव को कम कर सकता है। इससे इस कारण होने वाली मौतें भी कम होंगी। इसके अलावा, व्यक्तियों को तंबाकू का उपयोग छोड़ने तथा टीबी और अन्य संबंधित स्वास्थ्य जटिलताओं के जोखिम को कम करने में सहायता करने के लिए तंबाकू छोड़ने में मदद करने वाली सेवाओं को तत्काल बढ़ाने की आवश्यकता है।''

तपेदिक, जो मुख्य रूप से माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होता है, भारत में एक जटिल चुनौती है, जहां लगभग एक चौथाई आबादी संक्रमित है और इस बीमारी के बढ़ने का खतरा है। हाल के शोध ने तंबाकू के सेवन और टीबी के बीच संबंध पर प्रकाश डाला है, जिसमें बताया गया है कि कैसे धूम्रपान से टीबी के अनुबंध, विकास और मृत्यु का खतरा काफी बढ़ जाता है। धूम्रपान न केवल टीबी के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाता है, बल्कि उपचार की प्रभावशीलता को भी कम करता है और पुनरावृत्ति की संभावना को बढ़ाता है, इससे रोगियों और स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों पर समान रूप से बोझ बढ़ जाता है।

डॉ. राकेश गुप्ता ने आगे कहा, इसके अलावा,भारत में तम्बाकू का सेवन करने वालों की संख्या अच्छी खासी है और अनुमान है कि 10त्न आबादी तम्बाकू का उपयोग करती है। यह भारत में टीबी से निपटने के प्रयासों को और जटिल बनाती है। धूम्रपान छोड़कर, व्यक्ति खुद को और अपने समुदाय को टीबी के विनाशकारी प्रभाव से बचा सकते हैं। भारत सरकार द्वारा सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) और राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) जैसी सराहनीय पहलों के बावजूद, तंबाकू की खपत पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए इसे मजबूती से लागू करने और साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप जरूरी हैं। इसके अलावा, तम्बाकू-टीबी कनेक्शन को कुशलतापूर्वक संबोधित करने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्रों के बीच सहयोग के महत्व पर आम सहमति बढ़ रही है। इसके लिए मौजूदा टीबी संरचना का उपयोग प्रभावी ढंग से निवारण हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। तम्बाकू धूम्रपान और तपेदिक के बीच अंतर्निहित संबंध भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती है।

# यातायात की पाठशाला : 500 से ज्यादा ड्राइवरों को मिली नियमों की जानकारी

### रेलवे स्टेशन, शास्त्री चौक, पंडरी और यातायात मुख्यालय में लगी क्लास



**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के आदेशानुसार यातायात पुलिस द्वारा चौक-चौराहे में यातायात की पाठशाला लगाकर नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालक को मौके पर यातायात का पाठ पढ़ाया जा रहा। इसी क्रम में शनिवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायपुर शहर लखन पटेल ने शास्त्री चौक मैं आयोजित पाठशाला में लगभग 150 से अधिक उल्लंघनकर्ता वाहन चालको को यातायात नियमों की जानकारी दी। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम-सुरक्षित बनाने में यातायात पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की।

इसी प्रकाश शहर के भनपुरी चौक एवम पुराने बस स्टैण्ड पंडरी में आयोजित यातायात की पाठशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओम प्रकाश शर्मा द्वारा लगभग 250 से अधिक उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई साथ ही दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर यान अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

शहर के ह्रदय स्थल शास्त्री चौक में आयोजित यातायात की पाठशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले द्वारा लगभग 100 से अधिक उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई साथ ही यातायात नियमों के पालन करने सभी को शपथ दिलाया गया ।

इसी क्रम में एएसपी ओम प्रकाश शर्मा द्वारा कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सभागार में शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु ऑटो चालकों की बैठक बुलाई गई जिसमें शहर ऑटो यूनियन के पदाधिकारी कमल पांडेय, सुरेश तिवारी, जगदीश तिवारी, सहित लगभग 200 ऑटो चालक उपस्थित हुए जिसे एएसपी शर्मा द्वारा शहर के भीतर यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने, सिगनल का पालन करने, नो पार्किंग में वाहन खड़ी नहीं करने, सवारियों के साथ दुर्व्यवहार नहीं करने, ओवर लोड सवारी नहीं बैठाने के सम्बंध में निर्देश दिया गया। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह और सुशांतो बनर्जी भी उपस्थित रहे।

विश्वशांति महायज्ञ के साथ विधान का समापन आज

# सिद्ध चक्र विधान में अर्पित किए गए 1024 अर्घ्य



**रायपुर।** अष्टान्हिका महापर्व पर सिद्धचक्र विधान महामंडल के तहत आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड में 8 दिवसीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान के सातवे दिन शनिवार को विधान के मंडल पर 1024 अर्घ्य चढ़ाए गए। ट्रस्ट कार्यकारिणी कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया की आज पांडुक शीला में विराजमान भगवान का सर्वप्रथम स्वर्ण कलशों से अभिषेक किया गया। साथ ही रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता शांति धारा करने का सौभाग्य आज कैलाशचंद संदीप कुमार जैन, सुरेश चंद जैन कबीर नगर ,नरेंद्र कुमार निलेश कुमार जैन,सौरभ जैन टैगोर नगर वालो को प्राप्त हुआ।

शांति धारा पश्चात पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने बड़े भक्ति भाव से नृत्य करते श्रीजी की संगीतमय आरती की गई। विधानचार्य ब्रह्मचारी विजय भईया (गुणायतन) के सानिध्य में सिद्धचक्र महामंडल के सातवें दिन देव शास्त्र गुरु एवं नंदीश्वर दीप पूजन हुआ। दिगंबर जैन मंदिर के प्रांगण में चल रहे आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्वशांति महायज्ञ के सातवें दिन शनिवार को 1024 अ?र्घ्य समर्पित किया एवं सम्पूर्ण विश्व में सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही प्रांगण पर पांडुक शीला में विराजमान सिद्ध यंत्र पर 1024 बार मंत्रोचार से अभिषेक किया गया जो को समस्त पापो का कर्मो का क्षय कारण वाला है। विधान में मंत्रोच्चारण से पुरा पंडाल गूंज उठा।

इस अवसर पर विधानाचार्या विजय भईया ने बताया कि कल सम्पूर्ण विश्व में सद्भावना आपसी प्रेम एवम शांति बने रहे इस उद्देश्य से विश्वशांति महायज्ञ के साथ सिद्धचक्र विधान का समापन होगा। इसमें सभी विधान में भाग लेने वाले हवन कुंड में आहुति डाल विश्व में शांति सद्भावना की मंगलमय कामना कर आहुति डालेंगे। उन्होंने बताया कि सिद्ध चक्र एवं अष्टानिका का का क्या महत्व है। दस भावो का महापर्व यानी 'दस लक्षण महापर्व' एक ऐसा ही शाश्वत पर्व है। यह आत्मा की सर्वश्रेष्ठ सहनशीलता, विनम्रता, सरलता आदि से संबंधित है, जो क्रोध, अहंकार आदि अशुद्ध भावो की समाप्ति के लिए होता है। ऐसा ही एक और त्योहार 'अष्टान्हिका पर्व' है जिसमें स्वर्ग के देव साल में तीन बार आठ दिन के लिए नंदीश्वर द्वीप में जिनेंद्र भगवान की अकृत्रिम मूर्तियों की पूजा की जाती है। अष्टान्हिका पर्व में सिद्धो की विशेष भक्ति होती है क्योंकि उन्होंने आठो कर्मो का नाश किया। उनको हज़ारो गुणों को स्मरण करने के लिए सिद्ध चक्र महामंडल विधान किया जाता है। श्रीपाल चरित्र ग्रंथ का वाचन कर विधानचार्य विजय भईया ने धर्मसभा में कहा कि हजारों साल पहले मैना सुंदरी नामक महिला ने पहली बार सिद्ध चक्र महामंडल विधान किया था। इसे करने से उसके पति के साथ-साथ सारे गांव का कुष्ठरोग ठीक हो गया था। इसलिए सदैव पवित्र एवं पूरी श्रद्धा के साथ अनुष्ठान या विधान का फल लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है।

इस विधान में महावीर जन्म कल्याणक 2024 के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा कोषाध्यक्ष अमित मूणत एवं महासचिव वीरेंद्र डागा एवं पारस चैनल के डायरेक्टर प्रकाश मोदी दैनिक विश्व परिवार के डायरेक्टर प्रदीप जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। ट्रस्ट कमेटी एवं विधानाचार्य द्वारा सभी उपस्थित अथितियो का तिलक लगा कर सम्मान भी किया।

### सब इंस्पेक्टर व कांस्टेबल के रिक्त पदों भर्तियाँ

रायपुर। रेलवे सुरक्षा बल में सब इंस्पेक्टर के 452 एवं कांस्टेबल के 4202 कुल 4660 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है । भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होकर 14 मई 2024 तक पूर्ण की जाएगी। सब इंस्पेक्टर के पद पर निर्धारित योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक एवं आयु सीमा 20 से 28 वर्ष तथा कांस्टेबल के पद पर निर्धारित योग्यता भारत सरकार से मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10 उतीर्ण या समकक्ष एवं आयु सीमा 28 से 28 वर्ष रखा गया है ।

### बस्तर फाइटर्स के घायल जवानों को 15-15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन कार्य में नियोजित बस्तर फाइटर्स के दो जवानों के निर्वाचन कर्तव्य के दौरान नक्सल वारदात में घायल होने पर छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार 15-15 लाख रूपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत प्रथम चरण के निर्वाचन पूर्व बस्तर लोकसभा क्षेत्र के बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स एवं सीआरपीएफ सुरक्षाबलों द्वारा संयुक्त रूप से सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। 22 मार्च 2024 को थाना अरनपुर एवं सरहदी जिला सुकमा के थाना जगरगुण्डा तथा जिला बीजापुर के थाना गंगालुर क्षेत्र में संयुक्त नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के 2 आरक्षक घायल हुए हैं। दोनों आरक्षकों को जगरगुण्डा में प्राथमिक उपचार के पश्चात् बेहतर चिकित्सा हेतु हेलीकॉप्टर से रायपुर रिफर किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशो के अनुसार निर्वाचन कार्य हेतु नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाबल के जवानों के निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु अथवा घायल होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आस्था इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
7828844440, 9993045122

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, कैम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, कैम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

## वरुण तेज की फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक



वरुण तेज की फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन को इस साल 1 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। यह फिल्म हिंदी के साथ तेलुगु भाषा में रिलीज हुई थी। फिल्म में वरुण की जोड़ी अभिनेत्री नोरा फतेही के साथ बनी है। अब ऑपरेशन वैलेंटाइन ने अमेजन प्राइम वीडियो का दरवाजा खटखटा दिया है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।

ऑपरेशन वैलेंटाइन के निर्देशन की कमान शक्ति प्रताप सिंह हाड़ा ने संभाली है तो वहीं संदीप मुड्डा इस फिल्म के निर्माता हैं।फिल्म नंदकुमार अब्बिनेनी और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट द्वारा सह-निर्मित है। फिल्म में नवदीप और मीर सरवर जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में हैं।ऑपरेशन वैलेंटाइन की कहानी भारतीय वायु सेना पर आधारित है।लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर महज 1.05 करोड़ रुपये कमाए थे।

फिल्म की कहानी पुलवामा अटैक के इर्द गिर्द घूमती है। वायु सेना को डेडेकेटेड ये मूवी बालाकोट स्ट्राइक की कहानी भी बुनेगी। असल में फिल्म को आर्मी से जुड़ी सच्ची घटाओं के हिसाब से बनाया गया है। जिसमें देशभक्ति का जज्बा भी भरपूर होगा।

# प्यार के रंग से रंग दो दुनिया सारी

**भगवान करे हर साल चांद बनकर आए,**
**दिन का उजाला शान बनकर आए,**
**कभी ना दूर हो आपके चेहरे से हंसी,**
**ये होली का त्योहार ऐसा मेहमान बनकर आए।**

**चली पिचकारी उड़ा है गुलाल,**
**रंग बरसे नीले-हरे-लाल,**
**मुबारक हो आपको होली का त्योहार।**
**होली की हार्दिक शुभकामनाएं।**

हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि को रंगों का त्योहार होली मनाया जाता है। वहीं, इस साल ये पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा। गौरतलब है कि होली को प्यार का पर्व माना जाता है। इस दिन लोग तमाम गिले शिकवे मिटाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाते हैं और खूब मस्ती के साथ होली का पर्व मनाते हैं। हालांकि, चूंकि किसी भी त्योहार का मजा उसकी बधाई के बिना अधूरा है, ऐसे में इस पर्व की शुरुआत भी लोग सबसे पहले अपनों को ढेरों बधाइयां देकर ही करते हैं।

## इन गानों के बिना अधूरी है होली की पार्टी

डांस और पार्टी के बिना होली का त्योहार अधूरा है। इसी कड़ी में यहां हम आपके लिए होली स्पेशल ऐसे सॉन्ग्स लेकर आए हैं, जो आपकी पार्टी में और चार-चांद लगा देंगे।

गौरतलब है कि होली रंग और मस्ती का त्योहार है। इस पर्व पर लोग तमाम गिले शिकवे मिटाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाते हैं, तरह-तरह के पकवान बनाते हैं और अपनों के साथ जमकर एंजॉय करते हैं। इससे अलग डांस और पार्टी के बिना भी होली का त्योहार अधूरा है। इसी कड़ी में यहां हम आपके लिए होली स्पेशल ऐसे सॉन्ग्स लेकर आए हैं, जो आपकी पार्टी में और चार-चांद लगा देंगे। इनमें से कुछ गाने तो ऐसे हैं, जिनके बिना होली पार्टी का मजा फीका सा लगता है। आइए एक नजर डालते हैं इन बेहतरीन गानों पर-

### होरी खेले रघुवीरा

चुनरी पे डारे अबीरा अवध में होरी खेले रघुवीरा्होली का त्योहार नजदीक आते ही हर किसी की जुबान पर इस गाने की धुन रहती है। शायद ही कोई होली पार्टी हो जहां अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी की फिल्म बाग़बान का ये गाना न चलाया जाता हो। ऐसे में आप भी इस होली इस गाने को अपनी प्लेलिस्ट में शामिल करने न भूलें।

### जोगी जी धीरे-धीरे

नदिया के पार का ये गाना होली पार्टी की जान माना जाता है। इतना ही नहीं, होली से पहले तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'जोगी जी धीरे-धीरे' ट्रेंड करने लगता है। इस गाने के बोल और म्यूजिक दोनों ही लोगों को खूब भाते हैं, ऐसे में आप इसे भी अपनी होली पार्टी की प्लेलिस्ट में शामिल कर सकते हैं।

### आज ना छोड़ेंगे

सुपरस्टार राजेश खन्ना की सुपरहिट फिल्म कटी पतंग का ये गाना भी होली पार्टी में खूब पसंद किया जाता है। इस गाने को किशोर कुमार और लता मंगेशकर ने अपनी दिल छू लेने वाली आवाज में गाया है। वहीं, गाने के बोल होली के जश्न की मस्ती में और चार चांद लगाने का काम करते हैं।

### बलम पिचकारी

रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' जितनी हिट रही, उतना ही हिट रहा इस फिल्म का गाना 'बलम पिचकारी'। ये फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई थी और उसके बाद से बलम पिचकारी सॉन्ग हर होली पार्टी का हिस्सा बनता आ रहा है। आप भी इस बार होली के मौके पर इस धुआंधार गाने पर जमकर थिरक सकते हैं।

**राधा का रंग और कान्हा की पिचकारी,**
**प्यार के रंग से रंग दो दुनिया सारी,**
**ये रंग न जाने कोई जात न कोई बोली,**
**मुबारक हो आपको रंग भरी होली।**

# सावरकर' में 70 साल की महिला बनीं ग्लैमरस अंकिता लोखंडे



अंकिता लोखंडे फिल्म 'स्वातंर्त्यवीर वीर सावरकर' में सावरकर की पत्नी यमुनाबाई के किरदार में नजर आई हैं। एक्ट्रेस ने आजतक के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में बताया कि उन्होंने इस रोल को क्यों चुना. साथ ही उन्होंने साफ कर दिया है कि उन्हें स्क्रीन पर बूढ़ी महिला का किरदार निभाने से डर नहीं लगता है।

22 मार्च को रिलीज हुई रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंर्त्यवीर वीर सावरकर' चर्चा में बनी हुई है। इतिहास से जुड़े बड़े नाम विनायक दामोदर सावरकर की जिंदगी पर बनी इस फिल्म में रणदीप के साथ बिग बॉस 17 फेम एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने भी काम किया है। अंकिता इस फिल्म में सावरकर की पत्नी यमुनाबाई के किरदार में नजर आई हैं। एक्ट्रेस ने आजतक के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में बताया कि उन्होंने इस रोल को क्यों चुना। साथ ही उन्होंने साफ कर दिया है कि उन्हें स्क्रीन पर बूढ़ी महिला का किरदार निभाने से डर नहीं लगता है।

### रोल को लेकर बोलीं अंकिता

रोल को चुनने के बारे में अंकिता लोखंडे ने कहा, 'मैं इतना सोचती नहीं हूं इमेज के बारे में। मुझे लगता है कि मैं ऐसी फिल्में करके और ज्यादा अपने आपको दिखा सकती हूं, एक एक्टर और परफॉर्मर के तौर पर। मुझे लगता है कि मैं एक आर्टिस्ट हूं और आर्टिस्ट का काम है जो मिले उसे अच्छे से निभाओ। और ये जो मिले नहीं था, ये यमुना बाई का किरदार था। वो भी सावरकर की वाइफ। तो मेरे लिए जब ये रोल संदीप लेकर आए तो मेरे लिए ऐसा था कि बस मुझे हां बोलना ही था। मैं न कह ही नहीं सकती थी। मुझे इस फिल्म की सबसे अच्छी बात ये लगती है कि मैंने इसमें अपना ग्राफ दिखाया है। हर एक्टर को ये मौका नहीं मिलता है कि वो अपना ग्राफ दिखाए, जिसमें वो 16 साल से लेकर 70 साल तक दिखाएंगे। तो जब वो करने का मौका मिलता है।।। हर एक्टर इसको कर भी नहीं सकता। जब मुझे ये मौका मिला तो मैं इसे अपने हाथ से कभी नहीं जाने देना चाहती थी और मैंने वो किया।'

## सब्जियों में हो गया मिर्च ज्यादा तो आजमाएं ये टिप्स



अगर आपकी सब्जी में ज्यादा मिर्च पड़ जाए तो उसके तीखेपन को कम करने के लिए नींबू का रस काफी कारगर है। सब्जी ज्यादा तीखी हो जाए तो उसमें नींबू का रस मिलाएं, इसके खट्टेपन से तीखापन कट जाता है और सब्जी का टेस्ट भी बढ़ जाता है। अगर आप तीखी सब्जी को वेस्ट नहीं करना चाहते और दोबारा सब्जी बनाने के मूड में भी नहीं है तो नींबू इस्तेमाल कर सकते हैं।

दही या मलाई से भी सब्जी का तीखापन कम किया जा सकता है। इसके लिए आप सबसे पहले दही या मलाई को अच्छी तरह से फेंट लें और इसे सब्जी में डालकर थोड़ी देर धीमी आंच पर पका लें। इससे सब्जी का तीखापन कम हो होगा और सब्जी का टेस्ट भी बढ़ जाएगा। सब्जी के तीखेपन को कम करने के लिए आप देसी घी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर सब्जी में मिर्च ज्यादा मात्रा में डल जाए तो उसमें थोड़ा से घी डाल सकते हैं, इससे सब्जी का स्वाद बढ़ेगा और नमक-मिर्च का स्वाद कम हो जाएगा। अगर सब्जी बनाते वक्त उसमें ज्यादा मिर्च पड़ जाए तो तीखेपन को कम करने के लिए मैदा भी काफी कारगर है। इसके लिए आपको सबसे पहले एक टेबलस्पून मैदा को तेल में हल्का भून लें, फिर इसे सब्जी में मिला दें, इससे सब्जी में मिर्च का असर कम हो जाएगा।

# श्रद्धा कपूर के प्यार को मिली परिवार की मंजूरी



**श्रद्धा कपूर को नहीं अब किसी का डर, छिपाना नहीं चाहतीं रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ अपना रिश्ता**

श्रद्धा कपूर अपनी पर्सनल लाइफके बारे में बात करना कम पसंद करती हैं। कुछ दिनों से उनके राहुल मोदी के साथ रिलेशनशिप की खबरें आ रही हैं। कई बार उन्हें साथ में स्पॉट भी किया गया है, लेकिन दोनों कैमरा के सामने साथ आने से बचते हैं। श्रद्धा कपूर को लेकर कुछ दिनों से खबरें आ रही हैं कि वह राइटर राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। राहुल मोदी उनकी फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के राइटर हैं। कुछ दिनों पहले जब अंबानी परिवार का फंक्शन था जामनगर में तब श्रद्धा को एयरपोर्ट पर राहुल के साथ स्पॉट किया गया था। हालांकि एक्ट्रेस मीडिया के सामने उनके साथ खुलकर नहीं आ रही थीं। श्रद्धा अलग से फोटोज के लिए आईं अकेले। लेकिन खबर आ रही है कि अब श्रद्धा अपने रिश्ते को किसी से छिपाना नहीं चाहती हैं।

### रिश्ता नहीं चाहते छिपाना

हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों का रिश्ता अब उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां वो इसे अब किसी से छिपाना नहीं चाहते हैं। वेबसाइट के मुताबिक दोनों फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के दौरान साथ आए। फिल्म में काम करते-करते दोनों का बॉन्ड स्ट्रॉन्ग हो गया। दोनों एक-दूसरे के साथ बहुत कम्फर्टेबल हैं इसलिए अब रिलेशन को छिपाना नहीं चाहते।

### परिवार वाले भी करते पसंद

रिपोर्ट में यह भी है कि भले ही दोनों एक-दूसरे के साथ फोटोज क्लिक करवाने में अब कम्फर्टेबल हैं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि वो जल्द ही अपना रिलेशनशिप ऑफिशयल करेंगे। दोनों काफी प्राइवेट हैं और अपने रिश्ते को लाइमलाइट से बचाना चाहते हैं। हालांकि पहले वे जिस तरह साथ में स्पॉट होने से थोड़े घबरा जाते थे अब ऐसा नहीं है। दोनों फिलहाल हैप्पी प्लेस में है रिलेशन के और एक-दूसरे को लेकर श्योर हैं। दोनों का परिवार भी उन्हें पसंद करता है साथ में।

### प्रोफेशनल लाइफ

श्रद्धा की प्रोफेशनल लाइफकी बात करें तो वह लास्ट फिल्म तू झूठी मैं मक्कार में ही नजर आई थीं जिसमें उनके साथ रणबीर कपूर थे। फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अब श्रद्धा फिल्म स्त्री 2 में नजर आने वाली हैं जिसमें राजकुमार राव लीड रोल में हैं। इसका पहला पार्ट सुपरहिट थी और अब दूसरे पार्ट से फैंस को बहुत उम्मीद है।

**मेरी जिंदगी में प्यार...' किसकी दुल्हन बनने वाली हैं**

# दुल्हन बनेगी बिहार की मनीषा, कब होगी शादी



रियलिटी शो झलक दिखला जा 11 जीतने के बाद मनीषा के फैंस उन्हें अन्य प्रोजेक्ट्स में भी देखने की इच्छा रखते हैं। एक्ट्रेस और डांसर मनीषा अपनी बातों की वजह से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। उनके बोलने का अंदाज फैंस को काफी भाता है। सफलता के शिखर पर मनीषा रानी ने अपनी नानी से शादी को लेकर बात की।

'झलक दिखला जा 11' की विनर मनीषा रानी अपनी मीठी-मीठी बातों से लोगों का दिल जीतना खूब जानती हैं। उनका मजाकिया अंदाज ही उन्हें औरों से अलग दिखाता है। सिर्फ फैंस ही नहीं, सिलेब्रिटीज तक ने उनकी तारीफों के पुल बांधे हैं। लाखों दिलों की धड़कन मनीषा रानी अपने बड़बोलेपन की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। उन्हें अक्सर सिलेब्रिटीज के साथ फ्लर्ट करते देखा गया है। कभी 'झलक...' के होस्ट ऋतविक धनजानी के साथ, तो कभी गेस्ट के तौर पर आए शाहिद कपूर के साथ, मनीषा को अक्सर ही किसी न किसी पर लाइन मारते देखा गया है। अब एक्ट्रेस शादी करने के मूड में हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो शादी के बारे में बात कर रही हैं।

### शादी को लेकर मनीषा ने की बात

मनीषा रानी काफी कम उम्र में नाम कमा चुकी हैं। बिहार की रहने वाली ये एक्ट्रेस फिल्मों में भी टैलेंट दिखाना चाहती हैं। उन्होंने झलक के मंच पर इसकी इच्छा भी जाहिर की थी। फिलहाल मनीषा अपने घर आई हुई हैं। यहां उन्होंने व्लॉगिंग की। उनकी अपनी नानी से बातचीत के दौरान की एक क्लिप वायरल हो रही है, जिसमें वह शादी को लेकर बात कर रही हैं।

मनीषा अपनी नानी से पूछती हैं, 'कब करें शादी, आप बताइए।' इस पर उन्हें जवाब मिलता है 'दो साल के अंदर कर लो।' एक्ट्रेस बोलती हैं कि 'लड़का भी तो मिलना चाहिए।'

फिर नानी कह देती हैं कि 'लड़का बहुत है।' ये सुनकर सब हंस पड़ते हैं। इसके बाद मनीषा कहती हैं, 'लड़का बोलने से बहुत है। हमारा जिंदगी में तो है ही नहीं। आजकल के जमाने में कोई प्यार नहीं करता। प्यार नहीं बचा है। अब कोई नहीं करता।' नानी समझाती हैं कि 'नहीं बेटा अभी भी है।'

### नानी ने दी मनीषा को ये सलाह

मनीषा अपनी नानी से शिकायत करती हैं कि उन्हें कोई लड़का नहीं मिल रहा है। तब नानी बोलती हैं कि तुम शादी की बात ही नहीं बढ़ा रही, तो कहां से मिलेगा। वह एक्ट्रेस को सलाह देती हैं कि लड़कों से दोस्ती करें और उसे आगे बढ़ाएं। इस पर मनीषा बताती हैं 'अरे दोस्ती लगाते हैं लेकिन बात दोस्ती तक ही रह जाता है। आगे बढ़ता ही नहीं है।' नानी कहती हैं कि 'जो लड़का तुमको मन पसंद हो, उसको पहले देख लो कि उसका आत्मा कहां-कहां दौड़ रहा है, तुमको मान रहा है कि नहीं।' इस पर मनीषा बोलती हैं कि 'नानी आजकल कोई नहीं करता सच्चा प्यार।' नानी कहती हैं, 'जो दारू शराब पीता होगा, उससे नहीं करना। जिंदगी व्यर्थ हो जाता है। सास, ससुर, देवर तुमको चाहेगा।' मनीषा जवाब देती हैं कि 'वो सब तो चाह ही लेंगे। पहले लड़का चाह ले हमको।' मनीषा रानी और नानी के बीच की इस बातचीत को घरवालों के साथ-साथ फैंस ने भी काफी एन्जॉय किया।

## बच्चों में है ज्यादा मीठा खाने की आदत

मीठा खाना हर किसी को पसंद होता है। चाहे वह मिठाई हो, चॉकलेट हो या फिर कोई भी मीठा व्यंजन। लेकिन जरूरत से ज्यादा मीठा खाना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। बात करें छोटे बच्चों की तो उनमें मीठा खाने की लत लग जाती है, जिससे कई सारी बीमारियों का खतरा होता है। मां-बाप चाहे कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन बच्चा मीठा खाएं बिना रहता नहीं है। ऐसे में कई माता-पिता परेशान रहते हैं। आप भी बच्चों के मीठा खाने से परेशान है, तो यह खबर आपके लिए है।

### ज्यादा मीठा सेहत के लिए खतरनाक

मीठे का नाम सुनते ही हमारे मुंह में पानी आने लगता है। लेकिन ज्यादा मीठा खाना हमारी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। छोटे बच्चे अधिक मात्रा में मीठा खाते हैं, जिससे उनका वजन बढ़ने लगता है और कम उम्र में ही उन्हें बीमारियों का सामना भी करना पड़ सकता है। यही नहीं ज्यादा मीठा खाने से भविष्य में डायबिटीज जैसी बीमारी होने का खतरा बना रहता है। बच्चे जब जरूरत से ज्यादा चॉकलेट, टॉफी या मिठाई खा लेते हैं, तो उनके दांत सड़ने लग जाते हैं, जिससे धीरे-धीरे बच्चा बीमार होने लगता है। इसलिए मीठे का सेवन करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

### मीठा खाने से मिलेगा छुटकारा

मीठा खाने की लत आसानी से नहीं छूटती, इसके लिए धीरे-धीरे शुरुआत करनी पड़ेगी। छोटे बच्चों को मीठा खाने की इच्छा होने पर आप उन्हें दही, फल या जूस का सेवन करा सकते हैं, ऐसा करने से उनका पेट भरा हुआ रहेगा साथ ही बच्चों की मीठा खाने की इच्छा भी कम हो जाएगी। कभी-कभी हम भावनाओं में आ कर बच्चों को चॉकलेट दे देते हैं, लेकिन ऐसा करना बेहद गलत है। इसलिए कोशिश करें कि अपनी भावनाओं को समझें और मीठे पर कंट्रोल करें। इसके अलावा आप अपने घर में मौजूद जितने भी मीठे पदार्थ हो, उन्हें किसी को दे दें। इससे मीठे व्यंजन नजर में नहीं आएंगे और बच्चे जिद भी नहीं करेंगे। इन सरल उपाय को कर आप धीरे-धीरे मीठे पर कंट्रोल कर सकते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बैन्टेक्स एवं गहरन उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले मतदाता जागरूकता गतिविधियों का हुआ आयोजन

**महासमुंद।** पूरे महासमुंद ज़िले में नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाक़ों, साथ ही चौक-चौराहों स्कूल, कालेजों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप अभियान एस आलोक के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी के तहत आज शंकराचार्य भवन कम्युनिटी मोबालाइजेशन अंतर्गत शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पालक सम्मेलन, सह माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे मुख्य नगरपालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने उपस्थित समस्तजनो को शत् प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई। इसी प्रकार विकासखंड बागबाहरा में बद्रिका ध्रुव द्वारा बुजुर्ग मतदाता दशोदा बाई (उम्र 80) का श्रीफल देकर सम्मान किया गया और उन्हें मतदान हेतु प्रेरित किया गया। वही विकास खंड स्तरीय सामुदायिक सहभागिता सम्मेलन में उपस्थित शिक्षकों एवम शिक्षिकाओं,बी?.आर.सी.बागबाहरा समन्वयको, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी को शपथ दिलाई गई तथा शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

### गांव-गांव पहुंचकर पुलिस कर रही लोगों को जागरुक

**कोरबा-रायपुर।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लिए जाने एवं सजग कोरबा के तहत उन्हें जागरूक किया जाने हेतु थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। थाना/चौकी प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में रहने वाले ग्रामीण कृषक मितानिन एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक बुलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना/चौकी प्रभारी एवं उनके स्टाफके द्वारा ग्राम पंचायत भवन में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों का बैठक लिया गया बैठक में उपस्थित लोगो को वर्तमान में सरहदी जिलों में हुई उठाईगीरी की घटनाओं के संबंध में लोगो को बताया गया और किस गलती के कारण वहां घटना घटित हुआ उसके बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया एवं लोगों को इस संबंध में समझाइश दिया गया कि कभी भी बैंक जाएँ तो हमेशा अकेले न जाकर दो तीन लोगो को साथ लेकर जाए, किसी अनजान लोगो से बात न करे और सीधे घर जाएँ, कहीं पान ठेला या चाय ठेला में न रुके इस बैठक में सरपंच, मितानिन एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर इस बैठक में हिस्सा लिए। सजग कोरबा के तहत पैम्फ्लेट सभी को वितरण किया गया और पैम्फ्लेट के माध्यम से सजग कोरबा का प्रचार करने के लिए निवेदन किया गया। पुलिस के द्वारा लिए गए बैठक में महिलाओं को समझाइश दिया गया कि महुवा का सीजन आने वाला है जब भी महुवा बीनने जाएँ तो अकेले महिलाएँ जंगल न जाए और न ही बच्चे बच्चियों को महुवा बीनने जंगल तरफ भेजे। महुवा बीनने हमेशा तीन चार लोग एक साथ जाए। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगो को साइबर अपराध होने पर नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में तुरंत फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कारवाना है। एटीएम संबंधी ठगी के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया, सेक्सटार्शन एवं महिला संबंधी अपराध की जानकारी दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बहुत ज़्यादा होने की बात बताते हुए लोगो को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने को कहाँ गया। वहाँ उपस्थित लोगो को इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जन जागरूकता संबंधित पैम्फ्लेट का वितरण किया गया।

# लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को कांग्रेस मुक्त बनाना है - विष्णुदेव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर/ रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को बकाबंड में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि 36 वादे कर सरकार में आने वाली कांग्रेस ने अपने शासनकाल में 36 में से एक भी वादा पूरा नहीं किया। इसका परिणाम उसे पिछली विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ा और सत्ता से बाहर हो गई। अब कांग्रेस किस मुंह से छत्तीसगढ़ की जनता से वोट मांग रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता कांग्रेस की किसी भी गांरटी पर विश्वास नहीं करने वाली है। देश में अगर किसी की गांरटी चलेगी तो वह है सिर्फमोदी की गांरटी।**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में आप लोगों का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिला। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर आप लोगों ने विश्वास किया और ऐतिहासिक विजय भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में दिलाया। इसके लिए आप सब लोग बहुत - बहुत धन्यवाद के पात्र हैं। आपने छत्तीसगढ़ में एक इंजन तो बनाया है। अब हमारे देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो दूसरा इंजन है। उसको भी और कंटिन्यू करना है। नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए कमल छाप में वोट डालकर महेश कश्यप को संसद बनाकर भेजना होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले 5 साल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही। 5 साल तक काग्रेस की सरकार ने जनता को धोखा देने का काम किया। कांग्रेस की सरकार ने 36 वादे किए थे, पर एक भी वादा पूरा नहीं किया। इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस की सरकार को बर्खास्त कर दिया। अब इस लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को कांग्रेस मुक्त बनाना है। 5 साल में भूपेश बघेल की सरकार ने कोयला, शराब, बालू जैसे कई घोटाले कर भ्रष्टाचार किया। आज कांग्रेस पार्टी के कितने नेता जेल के अंदर में है। उनको 6 ड्ढ 6 माह सालभर से कोर्ट से बेल नहीं मिल पा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भ्रष्टाचारियों का सरगना थे। उनके ऊपर भी महादेव बटिंग एप में 508 करोड़ प्रोटेक्शन मनी लेने के मामले में एफ्आईआर कराई गई। अब वह कह रहे हैं कि बीजेपी वाले उनको फंसा रहे हैं। जबकि महादेव बेटिंग एप मामले की जांच कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही शुरू हो गई थी। आज पैसे देने वाला कह रहा है कि प्रोटेक्शन मनी 508 करोड़ रूपया भूपेश बघेल को दिया हैं। इससे बड़ा प्रूफऔर क्या चाहिए। अगर वे पाक साफहैं तो क्यों डर रहे हैं। लेकिन 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रही है। दाल में काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अभी दो-तीन दिन पहले शराब घोटाला करने वाला चला गया है। जहां उसे जाना था। छत्तीसगढ़ में भी शराब दुकान में दो काउंटर होता था। एक काउंटर का पैसा सरकारी खजाने में तो दूसरे काउंटर का पैसा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास जाता था। दूसरे काउंटर का पैसे का कोई हिसाब किताब नहीं होता था। 2000 करोड़ से ज्यादा का शराब घोटाला हुआ है। कोयला घोटाले के आरोपी भी जेल में हैं। घोटालेबाज कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस का कोई भी नेता लोकसभा चुनाव लड़ने तैयार नहीं हो रहा है। आज कांग्रेस पार्टी डूबती हुई नैया है। आज कांग्रेसियों की लाइन लगी बीजेपी ज्वाइन करने की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हम मोदी जी की गारंटी को पूरा करने में लगे हैं। 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर 12 लाख से ज्यादा किसानों का 3716 करोड़ रूपया दो साल का बकाया बोनस दिया। 21 क्विटंल धान की खरीदी की है। सबसे ज्यादा 145 लाख मिट्रिक टन से ज्यादा धान खरीदी की। 12 मार्च को 24 लाख 72000 किसानों के खाते में 13320 करोड़ रुपया भेजने का काम किया। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से ज्यादा माताओं - बहनों के खाते में 10 मार्च को हमारे प्रधानमंत्री ने 655 करोड़ रुपये भेजा।

आज मैं मुख्यमंत्री के नाते माताओं - बहनों को कहना चाहूंगा कि हर महीने 7 तारीख के अंदर आप लोगों के खाते में 1000 रुपये आ जाएगा। राम लला दर्शन योजना के तहत सरकारी खर्चे पर छत्तीसगढ़ के लोगों को भगवान राम का दर्शन कराने का बीड़ा भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने उठाया है। तेंदूपत्ता की खरीदी अब 5500 रुपये प्रति मानक बोरा के हिसाब से चरण पादुका योजना फिर शुरू होगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनेगी तो छत्तीसगढ़ का विकास तेजी से होगा। छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा भरपूर है। 65 से भी ज्यादा प्रकार का वनोपज है।

### भाजपा जो कहती है वह करती है - किरण सिंह देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी पिछले दस सालों से गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला सहित सभी वर्गों, धर्म - संप्रदाय के उत्थान के लिए लगातार दिन रात काम कर रहे हैं। पूरे देश को विकास की गति दे रहे हैं। शौचालय निर्माण, कोरोना वैक्सीन, मुफ्त आनाज, आवास, नल जल के अलावा कई जनकल्याणकारी कार्य किए हैं। भाजपा जो कहती है वह करती है। ऐसे में आज हम सब संकल्प लें कि बस्तर से सांसद प्रत्याशी महेश कश्यप को सांसद और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। आज पूरे विश्व में मोदी जी सबसे ज्यादा लोकप्रिय नेता हैं। लोकसभा चुनाव में अपने क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप को जिताकर संसद में भेजकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें।

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में वार्षिक परीक्षा के केन्द्रीय मूल्यांकन आरंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा 2024 का केन्द्रीय मूल्यांकन विष्वविद्यालय में आरंभ हो गया। वर्तमान में वार्षिक परीक्षाओं के तीन पालियों में जारी रहने के कारण केन्द्रीय मूल्यांकन में लगभग 30 प्राध्यापक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे है। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष वार्षिक परीक्षाओं में लगभग एक लाख अड़तीस हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे है इनकी लगभग 14 लाख से अधिक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है अभी तक लगभग डेढ़ लाख से अधिक उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित हो चुकी है।

विष्वविद्यालय परिसर में जारी केन्द्रीय मूल्यांकन मे बी.कॉम तथा बीसीए की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विषेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा कराया जा रहा है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि 01 अप्रैल से विष्वविद्यालय परिसर में तीन पृथक-पृथक स्थानों पर कला एवं विज्ञान संकाय की उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन आरंभ किये जाने का विष्वविद्यालय प्रषासन प्रबंधन कर रहा है। डॉ. श्रीवास्तव




ने बताया कि विष्वविद्यालय की आधी परीक्षाएं आयोजित हो चुकी है तथा 03 मई तक सम्पूर्ण परीक्षा समाप्ति की आषा है। विष्वविद्यालय परिक्षेत्र में 07 जिले आते है इन जिलों में लोकसभा चुनाव की तिथियों को ध्यान में रखते हुए विष्वविद्यालय द्वारा परीक्षा टाइम टेबल में आंषिक संषोधन करने के निर्देष कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा द्वारा दिये गये है। इन परिवर्तित तिथियों की सूचना पृथक से विष्वविद्यालय द्वारा जारी की जायेगी।

इस बीच विष्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं के ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथियां घोषित करने तथा सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां घोषित करने एवं सेमेस्टर की समय-सारिणी तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। इन सभी तिथियों की घोषणा विष्वविद्यालय प्रषासन शीघ्र करेगा।

## आज पूरा देश कह रहा हम भी मोदी के परिवार - ओपी चौधरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था 5वें नंबर पर आ गई है, भाजपा सरकार की योजनाएं गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला सहित समाज अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है तभी तो आज पूरा देश कह रहा है में भी मोदी का परिवार उक्त बातें केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने तीसरी बार मोदी सरकार को लाने दुर्ग शहर विधानसभा के कार्यकर्ताओ के सम्मेलन में कही।

मंत्री जी को देखने सुनने हजारों की संख्या में पहुँचे कार्यकर्ताओ में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखा। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी विजय बघेल को 6 लाख के ऐतिसासिक मतों से विजय दिलाने संकल्पित किये। इस दौरान उत्कृष्ट कार्यकर्ताओ का सम्मान हुआ तथा भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर दुर्ग निगम के कुलेश्वर इंद्रानी साहू, गुड्डू बबिता यादव, खिल्लू मटियारा, जयश्री जोशी 4 पार्षद सहित 200 से अधिक लोगों ने भाजपा प्रवेश किया।




दुर्ग शहर विधानसभा स्तरीय विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन बाफ्ना मंगलम दुर्ग में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्तमंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा की चौकीदार के हाथ में देश सुरक्षित है और नित नये कीर्तिमान गढ़ रहा है। ये मोदी जी की गारंटी है, तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को 3 नंबर पर लाएंगे। तरह तरह घोटालेबाज भूपेश ईडी के शिकंजे में है। 500 साल टेंट से प्रभु श्री राम को भव्य मंदिर तक बीजेपी ने ही लाया है। देश बदल रहा है, आगामी चुनाव में आप भी भाजपा को वोट कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाए। इसके पूर्व विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार ने महतारी वंदन योजना की पहली किश्त, रामलला दर्शन योजना, पहली केबिनेट में प्रदेश 18 लाख परिवार को आवास दिलाने का निर्णय, किसानों को 2 वर्ष बकाया बोनस और 3100? प्रति क्विंटल धान खरीदी के हिसाब से किसानों के खाते में राशि भेजकर प्रधानमंत्री मान. नरेंद्र मोदी जी के अधिकांश गारंटी को 100 दिन में ही पूरा करके भाजपा सरकार ने जनता से किये गये वादे को निभाया है।

इसके अलावा सांसद एवं प्रत्याशी विजय बघेल, सहप्रभारी राजीव अग्रवाल, सहसंयोजक प्रीतपाल बेलचंदन, जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधानसभा संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये, जिला महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ शिव चंद्राकर, सहसंयोजक व्यावसायिक प्रकोष्ठ कांतिलाल बोथरा, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि विनायक नातू ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा की भूपेश सरकार ने बांटी, भौरा के नाम पर लूट मचाये रखा था, छत्तीसगढ़ को राज्य का दर्जा भाजपा ने दिलाया है और भाजपा ही संवारेगी।

पिछले चुनाव में जिस तरह मैदान उतरकर हमने कांग्रेस सरकार के कुशासन से मुक्ति पाई है, मोदी को तीसरी बार लाने और अत्याचारी कांग्रेस मुक्त भारत बनाने सभी भाजपा कार्यकर्त्ता एकजुटता से कार्य करने प्रेरित किये। कार्यक्रम में जिला भाजपा पदाधिकारियों, बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं, दुर्ग शहर के चारों मंडल के अध्यक्ष, पदाधिकारी, समस्त मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहित 2 हजार से अधिक लोग शामिल हुये।

# नेहरु के लोकतंत्र का मॉडल और लोहिया का आदर्शवाद आज की जरुरत : चौबे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रखर चिंतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया की 115 वीं जयंती पर परिचर्चा का आयोजन शनिवार की सुबह लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान रूआबांधा सेक्टर एचएससीएल कॉलोनी में किया गया। भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान, चंद्रशेखर फाउंडेशन और समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) राष्ट्रीय के संयुक्त प्रावधान में आयोजित इस पर परिचर्चा का विषय ''नेहरू-लोहिया और वर्तमान समय की चुनौतियां'' रखा गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रदीप चौबे थे और अध्यक्षता भिलाई स्टील प्लांट के




श्रमिक संगठन एचएमएस के महामंत्री प्रमोद मिश्रा ने की।

शुरूआत में डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही अमर क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान का स्मरण भी किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रदीप चौबे ने कहा कि आज भी देश में ऐसे लोग मौजूद हैं जो किसी भी तानाशाही और गैर लोकतांत्रिक कदम को अच्छी तरह समझ रहे हैं और इसे रोकने के लिए आगे आ रहे हैं। यह लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि स्व. राम मनोहर लोहिया ने जीते जी अपना जन्मदिन मनाने से अपने साथियों को हमेशा मना किया क्योंकि यह दिन भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव की शहादत का दिन है लेकिन व्यक्ति पूजा के हमारे देश में हम लोगों ने गांधी, लोहिया और जयप्रकाश के गुजरने के बाद उनके आदर्शों को याद करने उनकी जयंती पुण्यतिथि को हमने एक माध्यम बनाया है।

उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू अपनी सरकार की आलोचना को सकारात्मक ढंग से लेते थे और संसद में हमेशा अपनी सरकार की आलोचना सुनने पूरे समय मौजूद रहते थे। उन्होंने कहा कि लोहिया और नेहरू दोनों ही गांधी के अन्यतम शिष्य थे और जिस दिन महात्मा गांधी की हत्या की गई उसे दिन बुलावे पर लोहिया अपने घर से महात्मा गांधी से मिलने ही निकले थे लेकिन रास्ते में ही उनको खबर लगी कि महात्मा गांधी की हत्या कर दी गई है। इसके बाद लोहिया जिंदगी भर महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते रहे इसी तरह नेहरू ने भी हमेशा गांधी का ही रास्ता चुना।

## धनोरा में आज जलेगी नारियल नींबू की होली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग जिले से लगभग 6 किलोमीटर पास एवं भिलाई रिसाली से लगा हुआ एक ऐसा गांव है पुरे छत्तीसगढ़ में जहां पर नींबू नारियल पुराना कपड़ा का होली जलाया जाता है धनोरा दुर्ग में 24 मार्च रविवार को शाम 4 बजे दरबार के सभी भक्तजन इकठ्ठा होकर फिर नाला के पास बिराजे बघुवा के मुरती में जाकर पुजा पाठ करके लालरंग के चुनरी चढ़ हाकर नारियल पानफुल मिठाई हार एवं केसर ईया झंडा चढ़ हाकर सभी भक्तों की खुशहाली एवं स्वस्थ्य जीवन के लिए प्राथना करे गे फिर वापसी दरबार में आकर दरबार के लक्ष्मण बाबा एवं नंद पंडा मनोज पटेल राजू यादव एवं गज्जू रायपुरिया के द्वारा हनुमान जी एवं होली का के पुजा पाठ करके फिर चकमक की चिंगारी से होली जलाया जायेगा फिर भक्तगण अपने अपने शरीर से पुराना कपड़ा नारियल नींबू उतार कर होली में डाल कर अपने अपने स्वस्थ जीवन की खुशहाली एवं मंगल कामना के लिए प्रार्थना करते हैं।

फिर रात्रि में श्री राधा कृष्ण फाग एवं सेवा भंजन मंडली के भाई गुलाब साहू जी के मंडली द्वारा फाग गीत गाया जाएगा सभी भकत गन नगाड़े के थाप पर थिरकते हुए नजर आते हैं फिर एक दुसरे रंग गुलाल लगा कर भाईचारे से मिलकर अपने अपने घर को चले जाते हैं यह होली में सामिल होने के लिए बहुत दुर दुर से लोग आते हैं और होली में सामिल होते हैं। इस तरह से होली मात्र छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के धनोरा गांव में ही जलते हैं यह जानकारी दरबार प्रति निधि चंद्र कांत कोसरे जी एवं कुंज लाल साहू जी ने दी।

## विश्व क्षय दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 22 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गुरुकुल कॉलेज परिसर में सभा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु ने बताया गया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024 तक टी.बी. मुक्त छत्तीसगढ़ का लक्ष्य रखा गया है, जिसे चिन्हाकित एवं समूह वाले क्षेत्रों एवं हाट बाजार टी.बी. खोज अभियान चलाकर प्राप्त किया जा सकता है। टी.बी. मुक्त करने हेतु जन समूह की सहभागिता को आवश्यक बताया गया है, जिसे विभिन्न प्रचार प्रसार के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा। जिला गरियाबंद में 99 पंचायत टी.बी मुक्त हो चुका है।


















## खास खबर

### होटल वत्स के कमरे में व्यापारी फांसी पर झूला

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र स्थित होटल वत्स में महाराष्ट्र के व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार देर शाम होटल के वेटर ने कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से खोला नहीं। इसके बाद होटल संचालक को सूचना देने पर वे पहुंचे और मास्टर की से दरवाजा खोला। कमरे में व्यापारी की लाख पंखे से लटक रही थी। तत्काल इसकी सूचना सुपेला पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए रवाना कर दिया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान उसके आधार दस्तावेज के आधार पर गोविंद तात्या पवार (41) के रूप में हुई है। महाराष्ट्र का रहने वाला है और बीते 10 दिसंबर से होटल वत्स में रुका हुआ था। होटल से मिली जानकारी के अनुसार गोविंद हेल्थ से संबंधित प्रोडक्ट की मार्केटिंग कर रहा था। शनिवार को सुबह से उसने न तो नाश्ता किया और न दोपहर का खाना मंगाया। शाम को वेटर ने इसकी जानकारी संचालक को दी। इसके बाद संचालक पहुंचा और मास्टर की से दरवाजा खुलवाया तो पंखे से उसका शव लटका था। पुलिस फिलहाल जांच कर रही है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर ढाई लाख की ठगी

**रायपुर (ए.)।** नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर ढाई लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश कुमार 38 वर्ष दोंदेखुर्द विधानसभा का रहने वाला है। प्रार्थी दोंदेखुर्द में श्री सांई ज्वेलर्स नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है आरोपी विशाल कुमार सोनी ने प्रार्थी के दुकान में आकर मुझे जमीन खरीदने के लिए पैसे की आवश्यकता है कहकर अपने पास रखे नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर गिरवी रख दिया और ढाई लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज जांच में लिया है।

### डीजल के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (ए.)।** ग्राम टेकारी में 5 ड्रम डीजल के साथ एक अधेड़ को विधानसभा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टेकारी में एक व्यक्ति अवैध रूप से डीजल रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी महेन्द्र साव 56 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 5 ड्रमों में रखे 1000 लीटर डीजल जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाते तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर (ए.)।** टिकरापारा और अभनपुर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित 4 नग मोबाइल, 1 टेबलेट, टीवी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संतोषी नगर शकुन बग्गा बार में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते आरोपी ईशान डेगवानी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 मोबाइल और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी अटल आवास में दबिश देकर आरोपी अंकित मंडल 30 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 नग मोबाइल, एक टेबलेट, टीवी व सट्टा-पट्टी जब्त किया है।

### गांजा के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर (ए.)।** नेवरा पुलिस ने तिल्दा रेलवे क्रासिंग के पास एक झोपड़ी में गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तिल्दा रेलवे क्रासिंग के पास चाय नास्ता की झोपड़ी में एक युवक गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी रूपेश जांगडे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 2 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# गड्ढे में लुढ़की बस, पांच घंटे फंसे रहे तीर्थयात्री

## पुलिस प्रशासन ने जेसीबी के माध्यम से निकाला बाहर

**कोरबा (ए.)।** कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में पड़ने वाले कैंदई ग्राम पंचायत के आश्रित मोहल्ला कावर पखना, हसदेव नदी ब्रिज बांगो डूबान के पास बस गड्ढे में लुढ़क गई।

घटना में तीर्थयात्री पांच घंटे तक बस में फंसे रहे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से बस को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर से कटघोरा की ओर बलौदा बाजार जिले की दो बस क्रमशः महामाया बस क्रमांक सीजी 22 एक्स 9326 व श्रद्धासबुरी बस क्रमांक सीजी 22-9916 में 50 तीर्थयात्री सवार थे। डूबान क्षेत्र में घूमने के साथ ही स्नान व भोजन करने के लिए बस रूकी थी। बाद में सभी तीर्थयात्रियों को लेकर बस रवाना होने की तैयारी कर रही थी। इस दौरान चालक वाहन को मोड़ते समय अपना नियंत्रण खो बैठा और बस क्रमांक सीजी 22 एक्स 9326 पीछे से गड्ढे में जा घुसी, इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। खबर मिलते ही मोरगा पुलिस अपने दल बल के साथ स्थल पर पहुंची पांच घंटे से फंसे महिला, पुरुष एवं बच्चों समेत उक्त बस को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकाला तब तीर्थयात्रियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद अपने गंतव्य की रवाना हुई।



### दुकान में फटा सिलेंडर, 40 लाख का सामान खाक

**बलौदाबाजार।** शहर के मंडी रोड स्थित दो दुकानों में देर रात आग लगने लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर और वेल्डिंग दुकान में रखा सिलेंडर भी ब्लास्ट हुआ। रात होने से जनहानि तो नहीं हुई पर दोनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटनास्थल पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की करीब नौ टैंकरों ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घटना रात लगभग 2.30 बजे के आसपास बताई जा रही है। हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से दुकानदार विनोद पारवानी को बड़ा झटका लगा है दुकान में रखे लगभग 30 से 40 लाख रूपये का पेंट, वार्निस, प्लास्टिक तिरपाल, जाली सहित पेंट बनाने की मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो हो चुकी है और एक बड़ी क्षति दुकानदार को हुई है। वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर व वेल्डिंग दुकान में भी आग की लपट पहुंची। जिससे वहां रखा घरेलू गैस सिलेंडर फट गया और एक बड़ा धमाका हुआ। रात होने से धमाके से जनहानि तो नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टला गया। वहीं दुकान में रखे लगभग पांच लाख का सामान जलकर खाक हो गया है। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि असल कारण जांच के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल एक बड़ी जनहानि होने से बच गयी। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

### नियम तोड़ने वाले 27 भारी वाहनों पर कार्रवाई कर वसूले 32 हजार

बाइपास मार्ग निर्माण होने के बाद भी शहर के अंदर से भारी वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है। इससे दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। शिकायत मिलने पर कटघोरा पुलिस ने भारी वाहनों के विरुद्ध अभियान चला कर जुर्माना लगाया। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता और होली पर्व के मद्देनजर पुलिस एक्शन मोड पर है। ऐसे हर मामलों में कार्रवाई की जा रही है जिससे किसी भी तरह का नुकसान हो सकता है। शांति समिति की बैठक में पुलिस ने कई पहलू सामने विचार करते हुए कार्रवाई भी शुरू कर दी है। भारी वाहनों के शहर के भीतर घुसने की जानकारी मीडिया की ओर से देने पर पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान छेड़ दिया है। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने रात्रि को चेक प्वाइंट बनाने के साथ एक्शन लिया। इस कड़ी में कई वाहनों की धरपकड़ की गई, जो नियम तोड़ते मिले। नगर निरीक्षक तिवारी ने बताया कि 27 भारी वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 31 हजार 900 रुपये जुर्माना किया गया। वहीं शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़े गए एक चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत धारा 385 की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि व्यापक जनहित में इस प्रकार का अभियान लगातार चलाएंगे।

### फिर शुरू हुई कोयला की अफरा-तफरी

**कोरबा।** रेलवे स्टेशन के निकट स्थित मानिकपुर साइडिंग से एक बार फिर कोयला की अफरा-तफरी शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार मालगाड़ियों में अधिक मात्रा में लोड कोयला को एस ई सी एल की साइडिंग के निकट की खाली जगह अनलोड किया जाता है। इस कोयले की खनिज विभाग की सांठगांठ से अवैध तरीके से तस्करी की जाती है। बताया जाता है कि इसी तरह की अफरा-तफरी लम्बे समय से उरगा थाना क्षेत्र की सरगबुंदिया-बरपाली में भी की जाती रही है। आपको बता दें कि दो माह पूर्व मानिकपुर साइडिंग से कोयला अफरा-तफरी के मामले में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर कार्रवाई की गई थी। मामले में तीन ट्रक कोयला जप्त कर आरोपी की गिरफ्तारी की गई थी। लेकिन दो माह बाद ही मानिकपुर साइडिंग से कोयला की अफरा-तफरी फिर शुरू हो गई है।

# युवक-युवतियां कर रहे थे पार्टी



### न्यायधानी में पूल पार्टी : पुलिस की रेड पड़ी तो मची भगदड़

**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां पूल पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने वहां छापेमारी की। पुलिस को देख वहां भगदड़ मच गई। कुछ लोग मौका पाकर भाग निकले। हालांकि पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ा है। पुलिस इस पूल पार्टी के आयोजनकर्ता के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

होली के दो दिन पहले और आचार संहिता लगने के बाद बिना अनुमति के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के एक निजी होटल के बाजू में करीब 50 से अधिक युवक-युवतियां पूल पार्टी कर रहे थे। पूल पार्टी की सूचना मिलने पर पुलिस ने रेड की कार्रवाई की। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची यहां भगदड़ मच गई। कई युवक युवतियां भाग निकले और कुछ पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार शनिवार की देर शाम छह बजे पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि होटल पेट्रीशियन व इलूम बार के बाजू में करीब 50 से अधिक युवक-युवतियां इकट्ठे होकर पूल पार्टी कर रहे हैं। जिसके बाद इस पर होटल में दबीश दी गई जिसे देखकर लोग भागने लगे। पूल पार्टी मे शामिल बहुत से युवक-युवतियां भाग निकले। इस दौरान तहसीलदार अतुल वैष्णव, सिरगिट्टी थाना प्रभारी भारती मरकाम सहित पुलिस टीम मौजूद थी। बहरहाल बिना अनुमति के कार्यक्रम पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

### कबाड़ खपाने जा रहे वाहन को पुलिस ने किया जब्त

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा व एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में बीते दिन कटघोरा थाना क्षेत्र में कबाड़ का परिवहन कर खपाने जा रहे वाहन को कटघोरा पुलिस घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता पाई है। पुलिस की घेराबंदी देख मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया वहीं एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है साथ ही कबाड़ परिवहन करते वाहन व लगभग 3 टन कबाड़ जप्त किया है। ज्ञात हो की कटघोरा थाना क्षेत्र में श्रीराम कन्स्ट्रक्शन द्वारा पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। पुल निर्माण के मैनेजर सिताराम यादव ने कटघोरा थाना में आकर शिकायत दर्ज कराई की उनके कार्यस्थल से सेंट्रिंग प्लेट, एंगल व लोहे की सरिया की चोरी हो गई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए तथा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने अपने उच्च अधिकारियों को सूचना देकर मामले की पतासाजी की गई।

# स्कूटी चालक को इनोवा ने रौंदा, हुई मौत

**दुर्ग।** जिले के पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत समृद्धि बाजार के सामने एक कार चालक ने तेज रफ्तार में स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। इससे स्कूटी चालक की मौके पर मौत हो गई। दुर्ग पुलिस इस मामले को जहां दुर्घटना बता रही है, वहीं गोयल चुस्की चाय के संचालक ने आरोप लगाया है कि इनोवा जैन चुस्की चाय वालों की है और वो उन्हें मारने आई थी।

बता दें कि घटना शनिवार शाम 7-8 बजे के बीच समृद्धि बाजार के सामने गांधी स्कूल जाने वाली रोड की है। यहां एक सफेद रंग की इनोवा कार सीजी 04 एन पी 5566 तेजी से आई और स्कूटी सीजी 07 बीके 0971 को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी उसे चला रहे निखिल वर्मा 65 वर्ष निवासी साइन नगर सिकोला भाठा दूर जा गिरे। सिर में गहरी चोट आने से उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद इनोवा चालक वहां से भागने लगा। काफी रफ्तार में होने के चलते वो संभल नहीं पाया और तीन-चार और लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। घायलों को भी इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही पदमनाभपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा होने पर पुलिस ने भीड़ को इधर उधर किया। इसके बाद मृतक के शव का पंचनामा करके उसे जिला अस्पताल के पास स्थित मरचुरी में पीएम के लिए भेजा गया है।

### अवैध शराब बेचते 8 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले कोचियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते हुए 8 कोचियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 169 पाव देशी एवं विदेशी शराब एवं बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस ने डुमरतराई में दबिश देकर आरोपी गुमेन्द्र यादव 35 वर्ष के पास से 16 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी राजकुमार पटेल 23 वर्ष के पास से 48 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी धन्नू यादव 30 वर्ष के पास से 12 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गंज थाना पुलिस ने आरोपी अजय सोनटक्के 40 वर्ष के पास से 9 पाव देशी एवं 11 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी मनशेष यादव 34 वर्ष व लीकेश्वर साहू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 51 पाव देशी शराब व हिबक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी प्रकाश कुमार यादव 38 वर्ष के पास से 15 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी चिराग पोईनानी 24 वर्ष के पास से 8 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 30 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने पॉलिटेनिक कॉलेज के पास बैरनबाजार में सरेआम शराब पीते आरोपी विरेंद्र साहू 31 वर्ष व मोवा पुलिस ने आरोपी संतराम महावत 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी शिवा ताण्डी 39 वर्ष, संतलाल ध्रुर्वे 42 वर्ष, धनेंद्र पटले 35 वर्ष व लेखराज निषाद 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कबीरनगर पुलिस ने यदुवंशी चौक के पास आरोपी पूनाराम यदू 40 वर्ष, राजेन्द्र नरगर पुलिस ने आरोपी मुकुल धनवानी 25 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी चोवा मिरी 25 वर्ष, लकेश्वर ध्रुव 27 वर्ष, संतोष यादव 40 वर्ष, योगेश मनहरे 18 वर्ष, अरूण चतुर्वेदी 29 वर्ष व कन्हैया विश्वकर्मा 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी घनश्याम जायसवाल 32 वर्ष, उमेश निषाद 25 वर्ष, रमेश महानंद 34 वर्ष, मनोज साहू 23 वर्ष, टुकेश्वर साहू 33 वर्ष व अरविंद साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राहुल 27 वर्ष व दुर्गेश पटेल 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी हरेराम साहू 38 वर्ष, लोचन प्रसाद साहू 30 वर्ष, लीलदास मारकण्डे 42 वर्ष व भूपेन्द्र साहू 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी पोषण लाल साहू 24 वर्ष, सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी निलेश्वर रहंगडाले 42 वर्ष, माना पुलिस ने आरोपी रोहित साहू 35 वर्ष व आरंग पुलिस ने आरोपी पवन कुमार सोनकर 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## दो फरार, उरगा में हुई चोरी में भी था शामिल, साइबर सेल व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# शराब दुकान लूटकांड का एक आरोपित गिरफ्तार






**कोरबा (ए.)।** गोपालपुर शराब दुकान में कट्टे की नोंक में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले मास्टर माइंट आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इस मामले में शामिल दो आरोपित अभी भी फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पूछताछ में आरोपित ने बरपाली में सहकारी बैंक से निकल कर जा रहे एक किसान की राशि की भी चोरी करने जानकारी दी। पकड़ा गया आरोपित समेत एक अन्य ओडिशा का निवासी है, जबकि एक महासमुंद जिले का निवासी है।

दर्री थाना अंतर्गत गोपालपुर व स्याहीमुड़ी के बीच सूने स्थान में देशी व अंग्रेजी शराब दुकान में रात 10 बजे तीन लुटेरे ठीक दुकान बंद किए जाने के वक्त पहुंचे। सुरक्षा कर्मी अजय केंवट दुकान के बाहर खड़ा था, पहले उसे आरोपितों ने झांसा देते हुए एक बोतल शराब खरीदने की बात कही। सुरक्षा कर्मी ने दुकान बंद करने का वक्त होने का हवाला दिया, पर लगातार आग्रह करने पर वह सेल्समेन से पूछने की बात कह दरवाजा खुलवा कर दुकान के अंदर प्रवेश कर रहा था।

इसी दौरान चेहरा बांध कर पहुंचे तीन लुटेरे दुकान के अंदर पहुंच गए। एक आरोपित के हाथ में कट्टा था, वह अंदर घुसते ही सेल्समेन अश्वनी केंवट, सुपर वाइजर आशीष नेटी व एक अन्य कर्मचारी चंद्रकुमार कुलस्ते को अपने निशाने पर ले लिए।

आरोपितों ने शराब दुकान के कर्मचारियों को यह कहते हुए धमकाते हुए दराज में रखे 1.25 लाख रुपये समेट कर भाग निकले। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शराब दुकान में लगे सीसीटीवी खंगाला तो घटनाक्रम का फुटेज हाथ लग गया। इसके साथ आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला। इस बीच पुलिस को जानकारी मिली की लूटपात करने वाला गिरोह है। इसके आधार पर पुलिस ने विवेचना के दौरान एक आरोपित को तरूण दास 19 वर्ष निवासी जामपाली थाना भोंजेनगर जिला गंजम (ओड़िसा) को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों करण दास 30 वर्ष निवासी कसीबहारा थाना खल्लारी जिला महासमुंद व ए शिनु 40 वर्ष निवासी आस्का थाना आस्का जिला गंजम (ओड़िसा) के शराब दुकान में लूटने की जानकारी दी। इसके साथ उसने बताया कि 15 मार्च को थाना उरगा अंतर्गत एक व्यक्ति सहकारी बैंक बरपाली से पैसे निकालकर लौट रहा था तब चोरी कर लिया था। आरोपित की पहचान गोपालपुर शराब दुकान के कर्मचारियों ने कर ली है। थाना दर्री पुलिस ने धारा 458, 394 तथा थाना उरगा पुलिस ने धारा 379 के तहत कार्रवाई कर आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। मामले के फरार दो अन्य आरोपितों की पुलिस पतासाजी कर रही है।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी


RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Granite, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Colors etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा कार्यशाला आयोजित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग में 22 मार्च 2024 को राजभाषा कार्यशाला और प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार शर्मा थे। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों व राजभाषा अनुप्रयोग में उल्लेखीय कार्य कर रहे कार्मिकों को मुख्य अतिथि विजय कुमार शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हे प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला में राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया गया। इस अवसर पर नगर सेवाएँ विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। विजय कुमार शर्मा ने राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए राजभाषा के क्षेत्र में नगर सेवाएँ विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होने सम्मान प्राप्त कर रहे समस्त प्रतिभागियों को बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा, कि नगर सेवाएँ विभाग द्वारा राजभाषा को प्रोत्साहन देने के लिए इस तरह के कार्यशालाओं एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन नियमित रूप से जारी रहेगा। कार्यशाला के आरंभ में, सहायक महाप्रबंधक एवं हिन्दी समन्वयन अधिकारी यशवंत कुमार साहू ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया तथा हिन्दी लेखन के मूलभूत तत्वों एवं अनिवार्यताओं के विषय में बताते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी क्रम में 22 मार्च 2024 को आदर्श इस्पात ग्राम महकाकला में नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महकाकला में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 22 लोगों की जांच की गई जिसमे ग्रामवासी स्वस्थ पाए गए। लाभान्वित ग्रामवासियों में 16 महिला, 2 पुरुष एवं 4 बच्चे सम्मिलित थे। इस शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। शिविर में चिकित्सक श्रीमती सरस्वती एवं भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय के अन्य स्टाफ शामिल थे। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:शुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है।

### वैशाली नगर में बीजेपी का कार्यकर्ता सम्मेलन

# दुर्ग लोकसभा सीट से प्रत्याशी विजय बघेल को भारी मतों से विजयी बनाने का किया वादा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को मजबूत करने के लिए विधानसभावार कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर रही है। शनिवार को वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंचे। उन्होंने विजय बघेल को पिछली बार से अधिक मतों से विजयी बनाने का वादा किया।**




वैशाली नगर विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन शांतिनगर में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए दुर्ग से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी और दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा वे आपके परिवार के सदस्य हैं। जैसे पिछली बार आपने भरोसा किया, इस बार भी कीजिए। इस पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में उन्हें विजयी बनाने का वादा किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा भिलाई के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से पहली बार ऐसी सरकार बनी है, जो सभी वर्गों के हितों की चिंता कर रही है। आप सभी भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। जो लाभार्थी योजना के अंतर्गत अपने बूथों पर लगातार संपर्क करते रहे। उन्हीं की मेहनत और लगन से भाजपा प्रत्याशी को जीत दिला पाएंगे। इस मौके पर भिलाई नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वैशाली नगर की जनता ने पिछले लोकसभा चुनाव में विजय बघेल को 65 हजार से अधिक मतों से जिताया था। इस बार इस लक्ष्य को और पार करेंगे। राज्य में बनी विष्णुदेव साय की सरकार ने 100 दिनों में ये साबित कर दिया है कि मोदी की गारंटी का मतलब है कि जो बोला है वो होगा। इस बार लोकसभा चुनाव में 11 में से 11 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से केंद्र की सत्ता में बैठाना है। सम्मेलन में लोकसभा प्रभारी चंदूलाल साहू, प्रीत पाल बेलचंदन, सहप्रभारी संयोजक अवधेश चंदेल, विधायक रिकेश सेन, भोजराज सिन्हा, ब्रिजेश बिचपुरिया, तुलसी साहू, प्रेम लाल साहू, बिजेंद्र सिंह, कन्हैया लाल सोनी, विजय सिंह, नंदू यादव, सत्यनारायण अग्रवाल जैसे बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सलय में मनाया गया 'वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे'

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सलय जवाहर लाल नेहरु अस्पताल एवं अनुसन्धान केंद्र में 'विश्व ओरल हेल्थ डे' मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन डेंटल सर्जरी विभाग द्वारा किया गया था। समारोह का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ रवींद्रनाथ एम द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



विश्व ओरल हेल्थ डे हर साल 20 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को ओरल हेल्थ और ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक करना है। यह प्रभावी दंत चिकित्सा देखभाल के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों की जानकारी के साथ व्यक्तियों को ओरल हेल्थ के प्रति सशक्त बनाता है। इसके मध्यम से मुंह की सफाई, दांतों की मजबूती के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ के ठाकुर भी उपस्थित थे। डॉ रवींद्रनाथ एम और डॉ प्रमोद बिनायके ने ओरल हाइजीन के बारे में जन जागरूकता में सुधार के लिए ऐसे कार्यक्रमों के महत्व और उसकी आवश्यकता पर जोर दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पोस्टरों को पुरस्कृत किया गया। आरंभ में विभागाध्यक्ष और एसीएमओ डॉ अन्नपूर्णानी ने स्वागत भाषण के साथ दंत क्षय और मसूड़ों की बीमारियों की रोकथाम में आहार और ओरल हाइजीन देखभाल की भूमिका के बारे में बताया। मेडिकल और नर्सिंग स्टाफ के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। साथ ही पी जी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। पोस्टर और स्किट के माध्यम से, यह समझाया गया कि दंत क्षय और पेरियोडोंटाइटिस दांतों के नुकसान का एक प्रमुख कारण है। यह भी बतया गया कि हृदय रोग, धमनी रुकावट और स्ट्रोक ओरल इन्फेक्शन और सूजन से कैसे जुड़े हो सकते हैं। मसूड़ों की बीमारियाँ जन्म के समय कम वजन और समय से पहले जन्म जैसी जटिलताओं का भी कारण बन सकती है।

कुपोषण, मधुमेह, एचआईवीध्एड्स, इम्यूनोसप्रेशन, तनाव और ऑस्टियोपोरोसिस ने डेंटल कंडीशंस पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाया है। पोस्टरों में यह भी प्रदर्शित किया गया कि खान-पान की आदतों और ओरल हाइजीन की देखभाल में बदलाव, कैसे हमारे सामान्य स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और हमारे जीवन को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। समारोह में डेंटल सर्जरी विभाग के चिकित्सक डॉ हर्षवर्धन एवं डॉ पलाश तिवारी समेत अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद थे। उद्घाटन समारोह का संचालन एसीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ वनिता शर्मा ने किया। आरएचओ डेंटल की डॉ इशिता द्विवेदी ने कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# जीवरानी देवी वेलफेयर सोसायटी की नेक पहल, 100 रुपए में एंबुलेंस की सुविधा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मरीजों की जरूरत को देखते हुए समाज सेवी संस्था जीवरानी देवी वेलफेयर सोसायटी ने एक नेक पहल की है। भिलाई दुर्ग क्षेत्र में मरीजों को अस्पताल ले जाने या अस्पताल से घर ले जाने के लिए रियायती दर पर एम्बुलेंस की सुविधा दी जा रही है। संस्था द्वारा मात्र 100 रुपए में एंबुलेंस की सुविधा दी जा रही है।

समाज कल्याण में अग्रणी संस्था जीवरानी देवी वेलफेयर सोसायटी विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देते आ रही है। संस्था नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, गरीबो के लिए वस्त्र वितरण, जरूरतमंदों के लिए भोजन, भंडारे का आयोजन आदि समय समय में करते आ रही है। समिति भिलाई दुर्ग क्षेत्र में मृत शरीर ले जाने के लिए नि:शुल्क एम्बुलेंस की सेवा देते आ रही है। समिति के सभी सदस्यों का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक इस सुविधा का लाभ मिल सके।

एम्बुलेंस के लिए संस्था द्वारा मोबाइल नंबर 6262888851 और 6262888852 जारी किया है जिस पर संपर्क कर जरूरत मंद अपने लिए इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

# बीएसपी के ओएचपी विभाग में बेल्ट कन्वेयर का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी विभाग में बेल्ट कन्वेयर श्र8ब1 के उद्घाटन ने सामग्री प्रबंधन दक्षता में एक महत्वपूर्ण प्रगति को चिह्नित किया। कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिये, मुख्य महाप्रबंधक एच के पाठक, महाप्रबंधक ए के सिंह, महाप्रबंधक एम हुसैन और महाप्रबंधक एन जी हलदर सहित विभिन्न कार्मिक सम्मिलित थे। कन्वेयर सिस्टम लाइमस्टोन और डोलोमाइट जैसी फ्लक्स सामग्री को एसपी -3 और आरएमपी-3 तक परिवहन में रिवोल्यूशन लाता है। भंडारण और पुनर्ग्रहण से जुड़े पारंपरिक तरीकों के विपरीत, बेल्ट कन्वेयर श्र8ब1 बेल्ट कन्वेयर के माध्यम से रेलवे वैगनों से एसपी -3 और आरएमपी-3 तक फ्लक्स सामग्री के डायरेक्ट डिस्पैच को सक्षम बनाता है, जिससे हैंडलिंग स्टेप और टर्नअराउंड समय कम हो जाता है। शॉप्स के आतंरिक संसाधनों द्वारा किया गया यह नवाचार, संसाधनो के उचित उपयोग को प्रदर्शित करता है और एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी के लक्ष्यों को भी पूरा करता है। मटेरियल फ्लो को सुव्यवस्थित करके और ऊर्जा खपत को कम करके, बेल्ट कन्वेयर श्र8ब1 औद्योगिक संचालन में नवाचार और दक्षता के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो अधिक लचीले भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

# कांग्रेस के एक और सिपाही ने छोड़ा हाथ का साथ, वरिष्ट नेता व पूर्व क्रेडा सदस्य विजय साहू ने दिया इस्तीफा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को लगातार झटके मिल रहे हैं। नाराज कार्यकर्ताओं का भाजपा प्रवेश का सिलसिला भी जारी है। इस बीच वैशाली नगर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व क्रेडा सदस्य विजय साहू ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।



इस्तीफे का कारण उन्होंने पार्टी आलाकमान पर जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्ष बताया है। इस संबंध में शनिवार को उन्होंने प्रेस वार्ता में जानकारी दी। प्रेसवार्ता के दौरान विजय साहू ने बताया कि कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व भी कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा कर रहा है। छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की गई जिसका परिणाम कांग्रेस को हार से चुकाना पड़ा। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी फिर से वही गलती दोहरा रही है। कांग्रेस पार्टी अपने हारे हुए विधायकों को लोकसभा चुनाव लड़वा रही है। विजय साहू ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के रवैय्ये से परेशान हैं और सभी कांग्रेस पार्टी छोड़ना चाहते हैं। यही नहीं विजय साहू ने शीर्ष नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया है।

विजय साहू ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा से धर्मराज वर्मा, राजेन्द्र सिंह यादव, प्रदीप शाह, साकेत कुशवाहा, आत्मो राऊत, पंकज वर्मा, परमजीत सिंह, गौरव कुमार पटले, सूरज सिंह, अमित वर्मा, नरेन्द्र साहू, मुकेश पासवान, अभिमान, उत्तम ठाकुर, परमजीत, सुरेन्द्र यादव, शंकर वासनिक, आदित्य सिंह राजपूत आदि कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। विजय साहू ने यह भी बताया कि वैशाली नगर से हजारों कार्यकर्ता इस्तीफा दे रहे हैं।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पायलट को मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी पर चिंता जताने की बजाय अपनी पार्टी के प्रदर्शन की चिंता करनी चाहिए - जितेन्द्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट द्वारा मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी को लेकर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप को निराधार और मनगढ़ंत बताया है।

उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है जो अरविंद केजरीवाल के शराब नीति का विरोध करने के लिए बड़ी-बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही थी, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने बड़े-बड़े बयान दिए थे। जब मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई थी तब भी कहा था कि यह भ्रष्टाचार का मामला है, मनीष सिसोदिया से किसी को सिंपैथी रखने की जरूरत नहीं है। तो अब क्या हुआ कांग्रेस का स्टैंड क्यों बदल गया? क्या इनके बीच कोई सौदा हुआ है? या फिर कोई लेनदेन हुआ है, जिसके कारण विरोध से अब केजरीवाल के समर्थन में राहुल गांधी पोस्ट कर रहे हैं। सचिन पायलट को इस



रुख का जवाब देना चाहिए। श्री वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के तो डीएनए में भ्रष्टाचार रचा-बसा है। आपदा को भी अपने भ्रष्टाचार के लिए अवसर बनाने में कांग्रेस कितनी माहिर है, इसे छत्तीसगढ़ ने पिछले पाँच वर्षों के कांग्रेसी कुशासन में जनता ने देखा-सुना और भोगा है। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पायलट को मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त करने के बजाय लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के प्रदर्शन की चिंता करनी चाहिए। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी ताकत लगाकर भी केवल 52 सीटें जीत पाई थी, जबकि उसका गठबंधन 100 का आँकड़ा तक पार नहीं कर पाया। इस बार तो हालात कहीं अधिक बदतर हैं। श्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हालत काफी दयनीय है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर पूर्व मंत्री तक भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के खिलाफ तो एफआईआर तक दर्ज हो चुकी है।

कांग्रेस के दर्जनों विधायक घोटाले के आरोपों में घिरे हुए हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने नेताओं पर सरेआम आरोप लगा रहे हैं। श्री वर्मा ने कहा कि इंडी अलायंस पूरी तरह से बिखरा हुआ है। उस पर गठबंधन के सहयोगी दलों की कारगुजारियां ऐसी हैं कि लगातार उन पर जाँच एजेंसियाँ अपना शिकंजा कस रही हैं। पहले झारखंड के कांग्रेस सांसद के घर में बड़ी मात्रा में कैश क्या भाजपा ने रखा था? देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि बरामद किए गए नोटों को गिनते-गिनते मशीनें तक खराब हो गई लेकिन नोटों का अंबार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा था। नोटों का यह जखीरा वहां के सीएम के संरक्षण के बिना कैसे संभव था? दिल्ली में केजरीवाल और उनके सिपहसालारों ने शराब के मामले में इतना घिनौना खेल खेला कि पहले उपमुख्यमंत्री और अब मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की बारी आ गई। सत्ता लोलुपता की ऐसी शर्मनाक मिसाल कभी देश ने नहीं देखी होगी कि केजरीवाल जेल में रहकर सरकार चलाना चाहते हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के भीतर मचे घमासान और अंतर्कलह के कारण बस्तर में नामांकन की तिथि घोषित हो जाने के बाद भी कांग्रेस ने अब तक अपने प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया है। इसी तरह काँकेर, सरगुजा, बिलासपुर और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के लिए भी चुनाव कार्यक्रम और तारीखों का ऐलान हो जाने के बावजूद कांग्रेस अब तक अपने उम्मीदवार घोषित नहीं कर पाई है। कांग्रेस की इससे अधिक दुर्दशा और क्या हो सकती है कि कांग्रेस में प्रत्याशियों के लाले पड़ गए हैं। हर मोर्चे पर कांग्रेस की विफलता, कांग्रेस में व्याप्त असंतोष को अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही कई मंचों पर प्रदर्शित कर रहे हैं।

# सिंटर संयंत्र -3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन 21 मार्च 2024 को किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (लौह) तापस दास गुप्ता थे।**



कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) अनूप कुमार दत्त द्वारा की गई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एवं प्रभारी (सिंटर प्लांट-3) एम आर के शरीफ महाप्रबंधक एवं प्रभारी (सिंटर संयंत्र -2) जागेंद्र कुमार के साथ-साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। विदित हो की 16 मार्च 2024 के दिन कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने इस सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया था। कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार एवं अन्य उच्च अधिकारियों ने भी सुरक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं इसकी सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें सर्वश्रेष्ठ कन्वेयर गैलरी, सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजीकल बिल्डिंग, सर्वश्रेष्ठ एवं व्यवस्थित कक्ष, सर्वश्रेष्ठ जंक्शन हाउस, सर्वश्रेष्ठ टूल बॉक्स टाक, सर्वश्रेष्ठ ब्रिगेड नियर मिस की रिपोर्टिंग, पोस्टर, कविता, सेफ्टी स्टीवाड्र्स, सुरक्षा प्रदर्शनी इत्यादि के विजेतणओं को पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान उपमहाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी (सिंटर संयंत्र-2) राजेश देवांगन द्वारा, लिखित एवं निर्देशित लघु नाटक 'सुरक्षा घर से घर तक' का प्रदर्शन किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950